तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 26.1 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025




मरीमाई सड़क पर गड्ढे होने से राहगीर हो रहे परेशान।

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड 114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि - 04/09/25

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

7000786116, 9300850065


# अधंड़ के बाद जमकर बरसे बदरा, आधे शहर की बिजली हो गई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है, मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट बदली और काले घने बादल मंडराने लगे। इस बीच अंधड़ भी चलने लगी। थोड़ी देर बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। अचानक हुई बारिश के कारण सड़कों पर लोगों को सिर छुपाने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ी। करीब घंटे भर जबरदस्त बारिश होती रही, इस दौरान सड़कों पर पानी भर गया और 33केवी लाइन बंद होने के कारण आधे शहर में देर रात तक बिजली व्यवस्था ठप रही।

मंगलवार की शाम 5 बजे के बाद अचानक धूल भरी आंधी चलने लगी, इस दौरान आसमान पर बादल दिखने लगे और थोड़ी देर बार बुंदाबांदी के साथ ही बारिश की शुरूआत हुई। करीब 10 मिनट के अंतराल में झमाझम बारिश होने लगी जिससे शहर ने तरबतर हो गया। इस दौरान बिजली चमकने और बादल गरने के कारण लोग ठठक गए और जिसे जहां जगह मिली वहीं रूक गया। जहां मंगलवार की सुबह से ही तेज धूप रही और उमस के कारण लोग हलाकान कर दिया। शाम होते ही हुई बारिश ने थोड़ी राहत दी, बारिश का सिलसिला रात तक चलता रहा। इस दौरान आंधी के चलते सड़कों पर पेड़ों के पत्ते बिखर गए और नालियों में पानी जाम होने लगा।

## उमस भरी गर्मी से मिली राहत



### अधिकारियों ने नही उठाया फोन

हर बार की तरह बारिश होते ही बिजली सप्लाई ध्वस्त हो गई। 33 केवी लाइन में फाल्ट आने के बाद नेहरू नगर सबस्टेशन, बृहस्पति बाजार, इंदु चौक, व्यापार विहार, शांति नगर, सर्किट हाउस, शनिचरी सब सटेशन से सप्लाई बाधित रही। बताया जा रहा है कि शनिचरी बाजार सब स्टेशन में 11 केवी का तार टूट गया था जिसके चलते जूना बिलासपुर के आसपास बिजली घंटों बंद रही। इस दौरान बिजली फ्यूज़ कॉल सेंटर में उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठ सका, वहीं अधिकारियो ने भी फोन नही उठाया।

### घंटों बंद रही बिजली

व्यापार विहार सबस्टेशन से सप्लाई बंद होने के कारण करीब 6 घंटे तक विनोबा नगर, रिंग रोड 2 मैग्नेटो मॉल व्यापार विहार के आसपास की बिजली देर रात तक बंद रही। इसी प्रकार के हालात टिकरापारा, मन्नू चौक दयालबंद, करबला, बस स्टैंड सक्रिय क्षेत्र में शाम 6 बजे से बंद बिजली रात के 9:30 बजे तक बहाल हो सकी। शहर में शाम के बाद अधिकतर इलाकों में अंधेरा छा गया। स्ट्रीट लाइट बंद रही, वहीं लगातार बारिश होने के कारण बिजली कर्मचारियों को मरम्मत और फाल्ट ढूंढने में खासी परेशानी झेलनी पड़ी।

### दिन में मेंटनेंस, शाम होते ही ठप रही बिजली

मौसम के खुलते ही बिजली विभाग मेंटनेंस में जुट चुका है। नवरात्री और दीवाली से पहले शहर में मरम्मत और निर्माण कार्य किया जाना है। ऐसे में विभाग के अधिकारी और कर्मचारी 11 व एलटी केबलों की मरम्मत, ट्रांसफार्मर के रखरखाव में लगे हुए है। इस दौरान पेड़ की डंगालों को काटा जा रहा है। रिंग रोड, नेहरू नगर जोन कार्यालय के अंतर्गत मंगलवार को मरम्मत और पेड़ कटाई की गई, इस दौरान सुबह 11 से 2 बजे तक बिजली बंद रही, सूर्या हॉटल, लिंक रोड, सरकंडा क्षेत्रों में मरम्मत कार्य किया गया लेकिन शाम होते ही बिजली व्यवस्था की पोल खुल गई और आधे शहर में ब्लैक आउट हो गया। इस दौरान लिंक रोड में बैनर पोस्टर गिरने से बिजली सप्लाई बाधित रही। करीब 2 घंटे तक शहर में बिजली सप्लाई नार्मल करने में लग गया। बताया जा रहा है कि आसमानी बिजली के चलते 33केवी लाइन डेढ़ घंटे तक बंद रही, इसके बाद सभी फीडरों की सप्लाई नार्मल की गई। करीब 9 बजे तक शांति नगर, मिनोचा, दयालबंद, गांधी चौक, हेमूनगर , राजकिशोर नगर जैसे इलाकों में बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी थी।

## खबर संक्षेप

### आज रायपुर में कांग्रेस की बैठक, एजेंडा भी तय

**बिलासपुर।** प्रदेशभर के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की पीसीसी चेयरमेन व नेता प्रतिपक्ष लेंगे बैठकबिलासपुर। बुधवार को राजधानी रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत प्रदेशभर के जिला अध्यक्षों की बैठक लेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने सभी जिला अधीक्षकों को पत्र लिखने के साथ ही बैठक का एजेंडा भी तय कर दिया है। बुधवार दोपहर 12. 30 बजे, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन, रायपुर में प्रदेश के समस्त जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की अति-महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि केएल की बैठक महत्वपूर्ण है. इसके लिए एजेंडा भी तय कर दिया गया है।

### गणेश विसर्जन पर डीजे पटाखे रहेंगे बैन

**बिलासपुर।** गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलाद पर्व पर डीजे और पटाखे पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही हुड़दंगियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि त्योहार मनाएं, लेकिन शांति बरकरार रखें क्योंकि गणेश विसर्जन और ईद-ए-मिलाद पर्व को लेकर पुलिस की चौकस व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही सभी चौक-चौराहों में अतिरिक्त बल तैनात रहेगा। हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पुलिस की ओर से भी कहा गया है कि डीजे और पटाखों पर पूरी तरह से बैन रहेगा। इसके साथ ही जुलूस निकालते समय यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखें।

### वार्ड बॉय-आया के 100 पदों पर भर्ती

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 50 वार्ड बॉय और 50 वार्ड आया के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 2 सितंबर से 24 सितंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। त्रुटि सुधार की तिथि 25 से 27 सितंबर तक रहेगा। परीक्षा की संभावित तिथि 12 अक्टूबर है। व्यापमं के मुताबिक सरगुजा, कोरिया, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कांकेर, रायगढ़, रायपुर और राजनांदगांव में परीक्षा आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र हैं।

### बरसात के बाद शुरू होंगे सड़क मरम्मत के काम

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क मरम्मत एवं सुधार की कार्य-योजना तैयार रखने को कहा है। ताकि बरसात के बाद तत्काल इस पर काम किया जा सके। उन्होंने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि यूरिया की बड़ी खेप जिले में जल्द पहुंचने वाली है। उन्होंने मुनाफाखोरी करने वाले निजी खाद दुकानों पर छापामार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए।

## हाईकोर्ट ने 5 लाख अतिरिक्त देने का आदेश दिया

# नौकरी के साथ मुआवजे पर मान गए परिजन, आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईटेंशन ओएचई तार की चपेट में आने के बाद उपचार के दौरान युवक की अपोलो में मौत हो गई। इसके बाद से मृतक के परिजन 1 करोड़ रुपए और नौकरी की मांग पर अड़े हुए थे। यह धरना मंगलवार की रात समाप्त हो गया। दरअसल हाईकोर्ट ने ठेकेदार को 5 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि देने का आदेश दिया है। इसके बाद रेलवे और जिला प्रशासन के अधिकारी मृतकके परिजनों से मिलने मंगलवार की रात डीआरएम आफिस के सामने पहुंचे। काफी देर की समझाइश और मान मनौव्वल के बाद परिजन मान गए। चर्चा में तय हुआ कि मृतक की पत्नी को रेलवे ठेकेदार के अंदर में नौकरी दी जाएगी और बच्चों के बड़े होने तक शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी।

ज्ञात हो कि रेलवे और राज्य शासन ने मिलाकर कुल साढ़े 21 लाख रुपए का मुआवजा भी तय कर दिया गया है। अब हाईकोर्ट से पांच लाख का मुआवजा अतिरिक्त मिलने के बाद यह राशि साढ़े 26 लाख की हो गई है।

मंगलवार देर रात तक इस बारे में घटनाक्रम चलता रहा। परिजनों और आंदोलनकारियों को समझाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, एसडीएम मनीष साहू के साथ अन्य लोग पहुंचे थे। रेलवे के बड़े अधिकारी भी मौजूद थे लेकिन परिजन एक करोड़ और नौकरी की मांग को लेकर अड़े रहे। डीआरएम ऑफिस के बाहर उनका धरना-प्रदर्शन पिछले 7 दिनों से जारी है। भीगते पानी में भी परिजन डटे हुए हैं। डीआरएम आफिस के सामने ही भोजन भी बन रहा है।

दरअसल, 23 अगस्त को रेलवे के कोचिंग डिपो में वंदे भारत के एक्स्ट्रा कोच के एसी की सफाई और मरम्मत की जा रही थी। इसी दौरान जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ निवासी ठेका श्रमिक प्रताप बर्मन ओएचई तार की करंट की चपेट में आ गया। जिससे वो बुरी तरह झुलस गया। इस हादसे के बाद उसे अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मजदूर की मौत के बाद रेलवे ने मुआवजा देने से इनकार कर दिया था जिसके चलते परिजन का आक्रोश भड़क गया। हालांकि, जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद शासन और रेल प्रशासन ने 21 लाख 50 हजार रुपए देने का प्रस्ताव रखा लेकिन, परिजन ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। मृतक प्रताप बर्मन की पत्नी खुशबू बर्मन और परिजन एक करोड़ रुपए मुआवजा, पत्नी को सरकारी नौकरी देने के साथ ही बच्चे की पढ़ाई का खर्च देने की मांग पर अड़ गए। यही वजह है कि डीआरएम दफ्तर के बाहर उनका धरना-प्रदर्शन जारी था।



मंगलवार की रात तक प्रदर्शन करते रहे मृतक के परिजन, समझाइश के बाद आंदोलन समाप्त किया।

### नौकरी व मुआवजे पर मान गए परिजन, देर रात तक चलती रही समझाइश

- रेलवे ठेकेदार को पांच लाख रुपए की राशि 10 लाख तक बढ़ाने का आदेश
- इस आदेश के बाद 21 लाख रुपए की राशि बढ़कर 26 लाख रुपए हो गई

### हाईकोर्ट की रेलवे पर नाराजगी

मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने छह हफ्ते में मृतक के स्वजनों को पांच लाख रुपए अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया है। रेलवे की ओर से अदालत में बताया गया कि, पहले ही 16.40 लाख रुपए की राशि दी जा चुकी है। इससे पहले हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए रेलवे के रवैए पर कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही तीन दिन के भीतर रेलवे के जीएम को शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में ठेकेदार और रेलवे प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी बनती है। कोर्ट ने मृतक के परिवार को त्वरित राहत देने पर जोर दिया और स्पष्ट निर्देश जारी किए।

### लेबर कोर्ट भेजा गया 16.50 लाख

ज्ञात हो कि रेलवे की ओर से एक दिन पहले ही 16.50 लाख रुपए का चेक लेबर कोर्ट में भेज दिया गया है। इसके अलावा राज्य शासन की ओर से 5 लाख रुपए भी मुआवजा मृतक के परिजन को दिया जा रहा है। इस राशि को मिलाकर साढ़े 21 लाख रुपए की राशि अब तक मुआवजे की हो चुकी थी। वहीं सोमवार को कोर्ट के आदेश के बाद रेलवे ठेकेदार अगर 5 लाख रुपए देता है तो राशि बढ़कर 26 लाख रुपए से अधिक हो जाएगी। वहीं जिला प्रशासन की ओर से भी 50 हजार रुपए अंतिम संस्कार के लिए तय किया गया है।

### मार्च्युरी में शव खराब होने की आशंका

वहीं, पिछले 4 दिन से मजदूर प्रताप का शव अस्पताल के मॉर्च्युरी में फ्रीजर में रखा है। करंट से झुलसने और पीएम के बाद फ्रीजर में ज्यादा दिनों तक शव को सुरक्षित रखना संभव नहीं है। चिकित्सकों का कहना है कि झुलसने और पीएम के बाद शव डैमेज हो गया था। ऐसे में लाश सड़ने की आशंका है।

# तिमाही परीक्षा करीब : 120 स्कूलों में 12 लाख किताबें अभी तक नहीं पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अगले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ बोर्ड के स्कूलों में तिमाही परीक्षा होनी है और स्कूलों में अब तक 12 लाख के करीब किताबें पूरी नही पहुंची है। किताबें कम पड़ी तो बच्चों के लिए 8 से 10 लाख किताबों की अतिरिक्त छपाई कराई जा रही है तो इधर बच्चों को पढ़ाई में दिक्कतें आ रही हैं। दरअसल बीते वर्ष कबाड़ में किताबें मिलने के मामले की जांच और फिर कागज व किताबें की प्रिंटिंग के लिए टेंडर प्रक्रिया में देरी की वजह से इस बार स्कूलों में समय पर किताबें नहीं पहुंच पाई। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में सभी विषयों की किताबें पहुंच गई हैं, निजी स्कूलों में जहां कमी है वहां व्यवस्था कराई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किताबों की छपाई जून में करवाई जा चुकी थी, लेकिन वितरण में लापरवाही और लॉजिस्टिक गड़बड़ी के कारण स्कूलों तक समय पर आपूर्ति नहीं हो पाई।

- किताबें कम पड़ी तो बच्चों के लिए 8 लाख किताबों की अतिरिक्त छपाई कराई जा रही

ज्ञात हो कि पांचवीं-आठवीं केन्द्रीकृत परीक्षा की वजह से निजी स्कूल इस बार छत्तीसगढ़ बोर्ड की किताबों से ही बच्चों को पढ़ाई करा रहे हैं ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की दिक्कतें नहीं हो। ऐसे में किताबें नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों के मुताबिक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की आधी-अधूरी किताबें ही स्कूलों को मिली हैं। अगले माह तिमाही परीक्षा होनी है और किताबें नहीं होने से बच्चों की चिंता बढ़ गई है।

### तीसरी एवं छठवीं में अधिक परेशानी

इधर निजी स्कूल पापुनि से शीघ्र किताबें उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी पहली से तीसरी एवं छठवीं में हो रही है क्योंकि इन कक्षाओं में इस साल से नई शिक्षा नीति के अनुरूप सभी विषयों के नये पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पापुनि द्वारा आपूर्ति के लिए किताबें कम होने पर 8 से 10 लाख की अतिरिक्त किताबें छपवाई जा रही हैं। निजी स्कूलों का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए थे कि छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त कोई भी निजी स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें नहीं पढ़ाएंगे। ऐसा करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे विषयों की किताबें अभी पहुंची नहीं हैं और दूसरी ओर निजी प्रकाशकों की किताबें चला नहीं पा रहे हैं।

### स्कूलों को किताबें आधी-अधूरी मिली

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि निजी स्कूलों को किताबें आधी-अधूरी मिली हैं। पूर्व में बची हुए किताबें शीघ्र भेजने की बात कही थी परंतु अब तक नहीं मिली है। इससे स्कूलों में पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। जानकारी मिली है कि नवीन मान्यता वाले स्कूलों को तो किताबें ही नहीं मिली हैं। उन्होंने कहा कि पापुनि शीघ्र ही सभी कक्षाओं और विषयों की पूरी किताबें निजी स्कूलों को शीघ्र उपलब्ध कराएगा। पापुनि के अनुसार सभी कक्षाओं की किताबें निगम के डिपो में उपलब्ध हैं। किसी को किताबों की आवश्यकता है, वे डिपो से किताबें प्राप्त कर सकते हैं।

### शिक्षक खुद नोट्स बनाकर पढ़ा रहे

हरिभूमि ने इस बारे में स्कूलों से जानकारी ली तो मालूम पड़ा कि छात्र कक्षा में बैठ तो रहे हैं, लेकिन हाथ में किताब नहीं है। शिक्षक पढ़ा तो रहे हैं पर पुस्तकों के बिना ही। पढ़ाई केवल समझाने तक ही सीमित रह गई है। कुछ स्कूलों की कई कक्षाओं में एक भी विषय की किताब नहीं पहुंची है। ऐसें में स्कूलों में किताबें न पहुंचने के कारण बच्चों को पढाई प्रभावित हो रही है। विभागी आकंड़ों के अनुसार जिले में लगभग 14 सौ से ज्यादा सरकारी स्कूल हैं। जिनमें से अब तक 120 से भी ज्यादा स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची हैं। कक्षा 8 वीं अभी तक अंग्रेजी और गणित विषय की किताबें नही मिलीं हैं। इसके साथ ही शहर के कई स्कूलों से जानकारी मिली है कि बच्चों को गणित, हिंदी और विज्ञान की किताबें नहीं मिलीं हैं। केवल कुछ विषयों की किताबें आंशिक रूप से आई हैं, जिनसे पूरी कक्षा की पढ़ाई नहीं हो पा रही। स्कूलों में शिक्षक खुद नोट्स बनाकर पढ़ा रहे हैं।

### कोर्स में बदलाव हुए

नई शिक्षा नीति के तहत कोर्स में बदलाव हुए है, जिसके कारण स्कूलों में कुछ विषयों की किताबें मिलने में विलंब हुआ है। जैसे ही पाठ्य पुस्तक निगम से पुस्तकें आएंगी वैसे ही जल्द से जल्द स्कूलों में पुस्तकें पहुंचा दी जाएंगी। व्यवस्था बनाई जा रही है।

**- विजय तांडे**
जिला शिक्षा अधिकारी

## सेकेंड सेमेस्टर के स्टूडेंटस का रिजल्ट रोका गया, यूनिवर्सिटी ने दिया एक मौका

# एयू ने रोका इंटर्नल एग्जाम नहीं देने वाले 650 स्टूडेंटस का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी ने करीब 650 स्टूडेंटस का रिजल्ट रोक दिया है। जिन स्टूडेंटस का रिजल्ट रोका गया है वे सभी सेकंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं हैं और उन्होंने अपना इंटर्नल एग्जाम नहीं दिया है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत इंटर्नल एग्जाम को अनिवार्य किया गया है। इसलिए यूनिवर्सिटी रिजल्ट रोके गए छात्र-छात्राओं को एक और मौका दिया है और कालेजों को उनके एग्जाम लेकर यूनिवर्सिटी के पोर्टल में उनके प्राप्तांक भेजने कहा है।

कालेजों में पिछले सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है। इस शिक्षा नीति अंतर्गत इंटर्नल एग्जाम को अनिवार्य किया गया है। सेमेस्टर एग्जाम में वार्षिक के बजाए प्रत्येक 6-6 महिने में सेमेस्टर एग्जाम होता है और प्रत्येक सेमेस्टर में सेमेस्टर एग्जाम के पहले इंटर्नल एग्जाम होना है। हर सेमेस्टर में दो-दो इंटर्नल एग्जाम स्टूडेंटस को दिलाना है। क्योंकि इंटर्नल एग्जाम का अंक उनके रिजल्ट में जुड़ता है। इंटर्नल एग्जाम के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एकेडमिक कैलेंडर में भी प्रावधान दिया रहता है और उसके लिए तिथि भी निर्धारित कर दी जाती है कि कब से कब तक फर्स्ट इंटर्नल और सेकंड इंटर्नल एग्जाम आयोजित करना है। इंटर्नल के बाद ही मुख्य सेमेस्टर एग्जाम लिया जाता है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पिछले माह सेकंड सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया है। इसमें करीब 650 स्टूडेंटस का रिजल्ट रोक दिया गया है। ये स्टूडेंटस जब यूनिवर्सिटी जाकर पता किए तब मालूम पड़ा कि उन्होंने इंटर्नल एग्जाम नहीं दिया है और इंटर्नल एग्जाम में अनुपस्थित रहने के कारण उनका रिजल्ट रोका गया है।





### 4 सितंबर तक एयू के पोर्टल में भेजना है नंबर

अटल यूनिवर्सिटी ने सेकंड सेमेस्टर में जिन स्टूडेंटस के रिजल्ट रोके हैं उन्हें एक मौका दिया है। यूनिवर्सिटी ने सभी कालेजों को निर्देश जारी कर इंटर्नल व प्रैक्टिकल में अनुपस्थित रहने वाले स्टूडेंटस के इंटर्नल, प्रैक्टिकल लेने कहा है और उनके प्राप्तांक 4 सितंबर तक यूनिवर्सिटी के पोर्टल में एंट्री करने कहा है। यूनिवर्सिटी ने कालेजों को संस्था स्तर पर ही प्रैक्टिकल, इंटर्नल एग्जाम आयोजित कर उनके प्राप्तांक एक्सेल सीट में पूर्ति कर पीडीएफ में यूनिवर्सिटी के गोपनीय विभाग के ईमेल पर भेजने कहा है।

### क्रेडिट पूरा करने क्लास जरूरी

नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने जो एकेडमिक कैलेंडर जारी किया है उसके अनुसार से स्टूडेंटस को इंटर्नल एग्जाम देना अनिवार्य है। स्टूडेंटस को अपने विषय के अलावा आप्शनल विषय भी पढ़ना है। नई शिक्षा नीति के तहत पहले सेमेस्टर के लिए पढ़ाई 180 दिनों का होना चाहिए, जिसमें क्रेडिट पूरा करने के लिए 90 दिनों की क्लास जरूरी है और बाकी 90 दिनों इंटर्नल एग्जाम, प्रैक्टिकल, सेमेस्टर एग्जाम आदि कार्य होगा।

### कालेजों को पत्र जारी किया गया

कालेजों में अध्ययनरत सेकंड सेमेस्टर के ऐसे स्टूडेंटस जिन्हें प्रैक्टिकल व इंटर्नल के प्राप्तांक किन्हीं कारणों से नहीं मिले हैं या अनुपस्थित रहें हैं। उनके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से कालेजों को पत्र जारी किया गया है और 4 तारीख तक उनके प्राप्तांक भेजने कहा गया है।

**- रामेश्वर राठौर**
असिस्टेंट रजिस्ट्रार परीक्षा, एयू

# रोजगार सहायक पर पीएम आवास का 31 लाख से ज्यादा के गबन का आरोप

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियादें सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम उड़ांगी के रोजगार सहायक पर लगभग 159 पीएम आवास हितग्राहियों से मनरेगा मजदूरी की राशि का गबन करने की शिकायत हुई।

कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आमागोहन निवासी धनेश्वरी सूर्यवंशी ने कलेक्टर को बताया कि उनके पति की जनवरी 2024 में मौत हो गई। उन्होंने ग्रामीण बैंक खोंगसरा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना कराया था। लगभग डेढ़ साल बाद बीमा राशि उन्हें नहीं मिल पाई है। बैंक प्रबंधन द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को उनका आवेदन सौंपते हुए इसका समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ⏭ शेष 2 पर

## खबर संक्षेप

### चिंगराजपारा स्कूल में बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का शुभारंभ



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगराजपारा में बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक नेत्र सहायक अधिकारी दीपिका रजक शहरी स्वास्थ्य केंद्र लिंगियाडीह द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉक्टर शुभा गढ़ेवाल, राजेश शर्मा, शाला की प्रधानाचार्य श्रीमती चौबे समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। छात्रों को नेत्र सुरक्षा नेत्र दान के बारे में जानकारी दी गई। पेंटिंग प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता रखा गया। छात्रों को पुरस्कार देकर जागरूक किया गया।

### सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति ने पौधरोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



**बिलासपुर।** सोमवार को सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति द्वारा ग्राम बिजौर में पौधरोपण किया गया। जिसमें अतिथि के राजेंद्र साहू (डब्बू), सुनील सोनकर बिजौरी पार्षद, डॉक्टर संजय साहू ,एस जेकब, अमित सिन्हा पूर्व सरपंच-बहत राय, हाई स्कूल शाला परिवार बहतराई थे। जिसमें समिति के छत लाल सूर्यवंशी, राहुल सूर्यवंशी, धनराज सूर्य, महेश खरे, विक्रम, राजेश नारंग, सोनू लश्कर, जानी, भारती, सतीश, टोनी, राजू साहू, राकेश राजगीर, रंजीत सूर्यवंशी, रोशन साहू, राजा रजक, बृजनंदन कौशिक आदि ने कई प्रजाति के पौधे लगाए। इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पौधरोपण पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक है इससे हमारा स्वास्थ्य सुधरता है आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली अतिआवश्यक है।

### इंजीनियरिंग कालेज में एन्टी रैगिंग जागरूकता पर कार्यक्रम



**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में एन्टी रैगिंग जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के एन्टी रैगिंग समिति द्वारा छात्र छात्राओं को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के एन्टी रैगिंग अधिनियम 2009 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के एन्टी रैगिंग समिति के अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ एस के सिंघई, डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू, इंजी ज्योतिर्मय आर्य, आशीष दुबे, डॉ सीमा चौहान, सदस्य एन्टी रैगिंग समिति एवं विभागाध्यक्ष सिविल विभाग उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ सिंघई ने बताया कि यह रेगुलेशन ए. आई. सी. टी. ई. के तहत बना हुआ है और छात्रों के स्वतंत्र शैक्षणिक माहौल को बनाए रखने अतिआवश्यक है। डॉ सीमा चौहान ने एआई. सीटीई के एन्टी रैगिंग अधिनियम 2009 की कंडिकावार जानकारी दी। डिप्टी कलेक्टर राकेश साहू ने अपेक्षित व्यवहार के संबंध में जानकारी दी। संस्था के एलुमनाई इंजी.ज्योतिर्मय आर्य ने कहा कि भविष्य में अपनी सफलता की संभावनाओं की कद्र करते हुए आज इस तरीके के रैगिंग कार्यों में संलिप्त न होना ही सबसे अच्छा छात्र जीवन होगा। आशीष दुबे ने कहा कि शैक्षणिक स्टाफ और कर्मचारी काफी अच्छा माहौल प्रदान कर रहे हैं इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ एस के सिंघई, प्रो बाबा मार्तण्ड प्रसाद आदि मौजूद थे।

### निगम के ड्राइवर और रेलवे कर्मचारी के सूने मकान का टूटा ताला

**बिलासपुर।** शहर के तारबाहर और सिविल लाइन क्षेत्र में चोरों ने दो घरों का ताला तोड़कर हजारों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पहली घटना मंगला के



राजाबाड़ा क्षेत्र की है। यहां नगर निगम उद्यान विभाग के ड्राइवर तिलकेश पटेल अपने परिवार सहित सोमवार को बेलटुकरी गांव गए थे। वहां पर उनकी खेती है। मंगलवार की सुबह पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके मकान का ताला टूटा है। घर पहुंचने पर तिलकेश ने देखा कि मुख्य दरवाजे और अंदर लगे ताले टूटे हुए थे। अलमारी और पेटी का सामान बिखरा था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने 25 हजार रुपये नगद, एक तोला सोने की माला, तीन जोड़ी बच्चों की पायल और एक तोला चांदी का ताबीज गायब कर दिया था। दूसरी घटना तारबाहर क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी बंगला यार्ड स्थित क्वार्टर में हुई। यहां कुलदीप शुक्ला की पत्नी शिखा पांडे सोमवार की शाम ड्यूटी से घर लौटने के बाद सब्जी लेने बाजार गई थीं। जब रात आठ बजे लौटीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से चांदी का पायल, बाली, सोने का मंगलसूत्र, डायमंड-गोल्ड पेंडेंट और करीब तीन हजार रुपए नकद चोर ले गए थे। दोनों मामलों में पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### गले में फंस गया चना, डेढ़ साल के मासूम की मौत

**बिलासपुर।** रतनपुर में ढेड़ साल के मासूम के गले में चना फंस गया। इससे दम घुटने के कारण मासूम की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। शव स्वजन को सौंप दिया गया है। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम निरधी बरपारा में रहने वाले जय कुमार पोर्ते रोजी मजदूरी करते हैं। वे रतनपुर के सांधीपारा में रहकर एक फार्म हाउस की देखभाल कर रहे थे। उनके साथ उनका परिवार भी रहता है। मंगलवार की सुबह जय कुमार का डेढ़ साल का बेटा घर पर खाट में बैठकर चना खा रहा था। इसी दौरान एक चना उसके गले में अटक गया। दम घुटने के कारण वह वहीं पर छटपटाने लगा। उसकी मां ने इसे देखकर वहां काम कर रहे पति को जानकारी दी। इसके बाद दोनों मासूम को लेकर रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। तब तक मासूम की मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है।

**2024 के सभी बैच की दवा को वापस भंडार भेजने का है आदेश** | **सीजीएमएससी ने ब्लैक फंगस के कारण पैरासिटामोल दवा की होल्ड**

# पैरासिटामोल टेबलेट अस्पताल से गायब, मरीजों को लेनी पड़ रही बाहर की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन द्वारा सप्लाई की जा रही दवाओं की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठे हैं। पेरासिटामोल की तीन बैच को लेकर निर्देश जारी करते हुए उपयोग और वितरण बंद कर दिया गया है। मौसमी बीमारियों की मार है ऐसे में पैरासिटामोल की टेबलेट मरीजों को नहीं मिल पा रही है, उन्हें स्वयं के रूपयों से दवा खरीदना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि साल 2024 बेच की दवा स्टोर में होल्ड है, वहीं कई जगहों से इसे वापस भी भेज दिया गया है।

ब्लैक फंगस के कारण पैरासिटामोल 500 एमजी और 650 एमजी को सीजीएमएससी ने बैन कर दिया है। इन दवाओं का वितरण और उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। भंडार अधिकारी ने पत्र भेज कर सभी अस्पतालों को जानकारी दी है कि भौतिक परीक्षण के बाद बाद इसे आम लोगों के उपयोग में नहीं लाया जा सकता है इससे लोगों को अन्य समस्याओं से जुझना पड़ सकता है। सीजीएमएससी ने इस बैच की सभी दवा को वापस भंडारगृह




पहुंचाने का आदेश दिया है। इससे मरीजों की मुसीबत बढ़ चुकी है, मौसमी बीमारियों में सर्वाधिक पैरासिटामोल की दवा का वितरण अस्पताल में किया जाता है, लेकिन अस्पतालों में होने के बाद भी इसे नहीं दिया जा रहा है, वहीं मरीजों को अब बाहर से पैरासिटामोल खरीदना पड़ रहा है।

### लगातार मिल रही है शिकायत

सीजीएमएससी की दवाओं की शिकायत लगातार मिल रही है लेकिन अधिकारी और शासन स्तर पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कई दवा इन्द्रिय परीक्षण में फेल हो चुकी थी, उसे नियमों को दरकिनार कर दोबारा परीक्षण के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि अप्रैल 2024 से अब तक 19.93 लाख टैबलेट अस्पतालों में पहुंच चुकी हैं। सर्जिकल ब्लेड से लेकर ग्लूकोज स्लाइन तक घटिया क्वालिटी की सप्लाई की गई। इसी तरह डीएनएस तरल पोषण, आरएल स्लाइन, अस्थमा-गठिया की दवा, सर्जिकल दस्ताने, इंजेक्शन पाउडर और कैल्शियम टैबलेट तक की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई।

### बड़ा सवाल, जिम्मेदार कौन

दवाइयां करीब पिछले दो साल से अस्पतालों में पहुंच रही थी, और अब एक्सपायर होने के कगार पर थी। जिस कंपनी ने इसका निर्माण किया है, उसकी ज़्यादातर दवाइयां बांटी जा चुकी थीं। इससे पहले बच्चों को पिछले 14 महीनों से दी जा रही कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल टैबलेट (ड-12) के 6 बैच पर रोक लगाई गई थी, उसे भी बंद कर दिया गया है। सालों गुजरने के बाद सीजीएमएससी को दवा खराब होने की याद आई है लेकिन इस दौरान ज्यादातर दवा लोगों तक पहुंच चुकी है और उसका उपयोग भी किया गया है। ऐसे में मरीजों को होने वाले परेशानी के लिए कौन जिम्मेदार होगा, यह अभी तक तय नहीं है।

### ज्यादा जानकारी उच्च अधिकारी ही दे सकते हैं

दवा का वितरण रोकने का आदेश उच्च कार्यालय से प्राप्त हुआ था। इस बारे में ज्यादा जानकारी उच्च अधिकारी ही दे सकते है।

**-सुनीता सिंह,** प्रभारी अधिकारी, सीजीएमएससी

**भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण**

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा 1 सितंबर को कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ विजय पांडे ने की।

कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर टी. अरविंद कुमारन, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य मीता मुखर्जी एवं रेडक्रॉस सोसायटी की सचिव डॉ. शुभा गरेवाल मौजूद थीं। इसमें बालमुकुंद दुबे, डॉ आशुतोष तिवारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। डॉ शुभा गरेवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। सौरभ सक्सेना ने प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दी। मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षार्थियों से अपेक्षा



मंच पर उपस्थित कलेक्टर सहित अन्य अतिथि।

की कि सभी प्रशिक्षार्थी पूरा मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। 10 से 13 सितंबर के मध्य लगभग 350 लोगों को प्रशिक्षित किया जाना है । कार्यक्रम में डॉ राजीव अवस्थी ने आभार प्रदर्शन किया आज के कार्यक्रम में सुरेंद्र गुम्बर श्रीकांत सहारे, सैयद जफर अली, डॉ. एम ए जीवनी, आदित्य पांडे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुशील राजपूत, गीतेश्वरी चंद्रा, लेमा देवांगन, अन्नू पटेल, नौरीश जेहरा, पूजा केवट, मुस्कान ठाकुर, अशोक यादव आदि मौजूद थे।

# अपना मार्ट के होलसेल हफ्ते की धमाकेदार शुरुआतः सैलरी डे का मिला खास तोहफा

**बिलासपुर।** अपनामार्ट के बहुचर्चित होलसेल हफ्ते की शुरुआत 31 अगस्त को हुई। इस दिन स्टोर्स और एप्स पर भारी भीड़ देखने को मिली। जब शहर के परिवारों ने अपनी महीने भर की खरीदारी के लिए अपना मार्ट का रुख किया।




**बिजनेस प्लस**

सैलरी मिलने के साथ ही ग्राहकों ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया और सस्ते दामों पर महीने भर का सामान खरीदा। ममता पाण्डेय ने बताया कि राइस मेला में जहाँ विभिन्न किस्म के चावल आकर्षक होलसेल दामों पर उपलब्ध थे। वहीं घरेलू जरूरतों के सामान भी बेहद सस्ते दामों पर मिल रहे थे। इस मौके का फायदा उठाते हुए कई ग्राहकों ने भारी खरीदारी की। मंजू सिंह ने 2 हजार रुपए की खरीदारी की। मंजू ने कहा सैलरी मिलते ही मेरा पहला ख्याल अपनामार्ट ही था। 100 का कूपन भी मिला है, जो आने वाली खरीदारी में काम आएगा। उन्होंने अपने हाथों में भरे बैग्स के साथ खुशी से यह बात साझा की। स्टोर्स का माहौल एकदम त्योहार जैसा था। नए खुले अपनामार्ट स्टोर्स में भी भारी भीड़ उमड़ी, जहाँ ग्राहकों ने पहली बार इस ब्रांड की सुविधाओं का आनंद लिया। कुछ स्टोर्स पर 500 से ऊपर की खरीदारी पर तंबोला गेम और गिफ्ट्स दिए गए, वहीं कुछ स्थानों पर मुफ्त पानीपुरी स्टॉल भी लगाए गए। इस सप्ताह का अगला आकर्षण 4 सितंबर को होने वाला मालामाल थर्सडे ऑफर है, जिसमें आलू और प्याज़ जैसी दैनिक जरूरत की वस्तुएं बेहद सस्ते दामों पर मिलेंगी। इस स्पेशल ऑफर के कारण ग्राहकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही 10 मिनट होम डिलीवरी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। होलसेल हफ्ता 7 सितंबर तक चलेगा। 500 से ज्यादा सामान होलसेल रेट्स पर उपलब्ध हैं। इस बार का होलसेल हफ्ता शहरभर में धमाल मचा रहा है। सितम्बर की शुरुआत न केवल सैलरी मिलने से, बल्कि होलसेल हफ्ता में बचत की खुशी के साथ भी हुई है, जो पूरे महीने तक ग्राहकों के साथ बनी रहेगी।

# खोज और नवाचार की निरंतर यात्रा है विज्ञान : कुलपति



**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षा आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष मुख्य अतिथि और समकुलपति डॉ. जयंती चटर्जी विशिष्ट अतिथि थे। दीक्षा आरंभ 8 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

■ सीवीआरयू में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षा आरंभ' का आयोजन

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. श्री घोष ने कहा कि विज्ञान केवल तथ्यों का अध्ययन नहीं बल्कि खोज और नवाचार की निरंतर यात्रा है। विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। अनुसंधान और रचनात्मक सोच ही विज्ञान की आत्मा है। आपके द्वारा पूछे गए प्रश्न भविष्य के उत्तरों की दिशा तय करेंगे। उन्होंने बताया कि अनुशासन और जिज्ञासा दोनों मिलकर आपको महान वैज्ञानिक बनाएंगे। प्रोफेसर घोष ने कहा कि हमें विज्ञान को समाज के कल्याण से जोड़ना होगा। आने वाले वर्षों में आप सभी देश और विश्व के लिए नई संभावनाएँ खोलेंगे।

### परिश्रम आपको सफलता दिलाएंगे : सम कुलपति

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सम कुलपति डॉ. जयंती चटर्जी मित्र ने कहा कि विज्ञान के प्रति निष्ठा और परिश्रम आपको सफलता दिलाएंगे। हर विद्यार्थी को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का प्रयास करना चाहिए ।विश्वविद्यालय आपके सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा आपके साथ है। डॉक्टर बृजेंद्र शुक्ला मोटिवेशनल स्पीकर ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अपने समय की उपयोगिता समझनी चाहिए । मोबाइल और अन्य सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पुस्तकों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि इन पांच सालों को केंद्र में रखकर सिर्फ पढ़ाई कर अपने व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित कर मेहनत करते हैं, तो आने वाला 50 साल का जीवन आपके लिए बेहतर होगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रैगिंग को लेकर नाटक की प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा।

### स्टेशन में खड़ी रिलीफ ट्रेन में लगी भीषण आग

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में खड़ी ट्रेन एआरटी के कोच में भीषण आग लग गई, जिसके कारण पूरा कोच जलकर खाक हो गए। वहीं एआरटी में आग लगने की वजह से हावड़ा-मुम्बई रेल लाइन पर यातायात घंटों प्रभावित होने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। मध्य भारत की सबसे व्यस्त रेल मार्गो में से एक हावड़ा-मुम्बई रूट पर मंगलवार की सुबह अफरा-तफरी मच गई। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर तीन पर खड़ी दुर्घटना राहत चिकित्सा वाहन एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वेन में अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही पल में लपटों ने पूरे कोच को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं देखकर रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। धड़कती लपटों के बीच आग पर काबू पाने के लिए रेलवे स्टाफ ने बिना समय गवाएं तत्परता दिखाई। तत्काल फायर एक्सटिंग्विशर और पानी पाइप के जरिए आग बुझाने की जद्दोजहर शुरु कर दी गई। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद अधिकारी और कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर राहत कार्य किया। जिस ट्रेन के कोच यानि एआरटी का उपयोग रेलवे में राहत देने किया जाता है, उसी कोच में आग लगने के कारण जोन और डिवीजन स्तर पर हड़कंप मचा रहा। वहीं एआरटी में आग लगने के कारण हावड़ा से मुम्बई के बीच रेल लाइन पर भी इसका काफी असर पड़ा। सीपीआरओ, एसईसीआर सुस्कर विपुल विलास राव ने बताया कि दुर्घटना राहत चिकित्सा वाहन में आग लगने की घटना हुई है। इस घटना की जांच रेलवे की टीम करेगी।

# गणेश जी प्रतिमा का अलग स्वरूप धार्मिक भावना के विपरीत, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**बिलासपुर।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ पुलिस कप्तान रजनीश सिंह से मिला। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने गणेश पण्डालों में मूल प्रतिमा से अलग स्वरूप में गणेश प्रतिमा के स्थापना पर भविष्य में रोक एवं इस तरह की प्रतिमा की स्थापना से धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ को लेकर कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि छत्तीसगढ़ सहित समूचे देश में गणेश पर्व चल रहा है। गणेश पर्व में पंडालों में गणपतिजी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इस बार यह देखने को मिल रहा है कि छत्तीसगढ़ के प्रायः सभी शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों सहित बिलासपुर भी में गणेशजी की मूल प्रतिमा से अलग प्रतिमा समितियों ने पंडाल में स्थापित की है। गणेशजी की मूर्तियों के स्वरूप में बदलाव करना और ऐसे रूपों में प्रतिमा स्थापित करना जो सनातन परंपरा के विपरीत है, भविष्य में इस पर रोक लगाई जानी चाहिए। मूर्तियों के स्वरूप में बदलाव न केवल चिंता का विषय है साथ ही यह धार्मिक भावनाओं के विपरीत है। यह लाखों-लाख सनातनियों और हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के विपरीत है और इससे हम सबकी भावनाएं भी आहत हो रही है। बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के शहरों में कुछ पंडालों में यह देखने को मिल रहा है कि गणपति प्रतिमाओं को पारपंरिक स्वरूप से अलग कर कार्टून रूप में बनाया गया है। इस तरह की प्रतिमा बनाने वाले पर विशेषकर और पंडालों में स्थापना पर सख्ती के साथ रोक लगाने की जरुरत है। इस तरह के सार्वजनिक आयोजनों से धार्मिक भावनाएं आहत होती है। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडे सहित महापौर रामशरण यादव, प्रमोद नायक, नेता प्रतिपक्ष भारत कश्यप, समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेनन, लक्ष्मी साहू, रामा बघेल आदि उपस्थित थे।



### समिति पर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिएः केशरवानी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से धार्मिक आयोजन की पवित्रता प्रभावित होती है। केशरवानी ने एसएसपी से कहा कि गणेश चतुर्थी से पहले समितियों की मिटिंग लेकर इस तरह की प्रतिमाओं को पंडालों में स्थापित करने सख्ती से मना की जानी चाहिए। आने वाले वर्ष में इस तरह की सख्ती बरती जानी चाहिए। सख्ती और निर्देश के बाद भी अगर किसी पंडाल में गणपतिजी का कार्टून प्रतिमा या मर्यादा के विपरीत प्रतिमा स्थापित की जाती है तो समिति पर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए और ऐसी प्रतिमाओं का तत्काल विसर्जन कराया जाना चाहिए।

**यात्री ट्रेनों के स्थान पर रूकती हैं मालगाड़ियां, यात्री दिखते हैं दूसरे प्लेटफार्म पर**

# सूने प्लेटफार्म नम्बर एक पर नहीं चल पाया छत्तीसगढ़ी व्यंजन का गढ़कलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों के लिए यात्री ट्रेनों का स्टापेज नहीं दिया जाता और छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद देने के लिए गढ़कलेवा ओपन कर दिया गया था। यहां यात्री ट्रेनों के अलावा केवल मालगाड़ियों के पहिए रूकते हुए दिखाई देते हैं, जिसके कारण यात्री की संख्या दूसरे प्लेटफार्म पर अधिक दिखाई देती है। यात्रियों के नहीं होने और बिक्री शून्य होने की वजह से गढ़कलेवा के स्टॉल का पट भी बंद हो गया है।

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। इन सभी यात्रियों के खान-पान के लिए रेल प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जहां स्टॉल, जनआहार,




फूड स्टॉल की सुविधा प्रदान की है। वहीं लंबी दूरी की ट्रेनों में एक अलग से पेंट्रीकार भी लगाया गया है, ताकि बीच सफर के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। हजारों की संख्या में सफर करने वाले यात्री अलग-अलग प्रदेश और जाति के रहते हैं, जिन्हें कई बार दूसरे प्रदेशों के खान-पान का स्वाद नहीं भाता है। रेलवे बोर्ड ने पहले सभी प्रदेश स्तर पर चलने और स्टापेज होने वाली ट्रेनों के यात्रियों के लिए प्रदेश में बनने वाले व्यंजनों की बिक्री करने का आदेश दिया था, लेकिन यह आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। इसके उपरांत वन नेशन वन प्रोजेक्ट के तहत लोकल स्तर को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल ओपन किए गए, जहां के सामानों की खरीददारी करने में यात्रियों ने कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर गेट नम्बर चार के पास स्थानीय और लोकल स्तर के व्यंजनों और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गढ़कलेवा के नाम से स्टॉल ओपन कर दिया। इसके लिए स्थानीय महिला समूह को ठेका दिया गया था। रेलवे की योजना अनुसार जहां प्रदेश के साथ बाहर के यात्रियों को छत्तीसगढ़ के व्यंजन का स्वाद दिया जाना था।

इस स्टॉल को जिस प्लेटफार्म पर ओपन कराया गया था, उस प्लेटफार्म पर यात्री गाड़ियों से ज्यादा मालगाड़ियों का स्टापेज होता है। इसके कारण यात्रियों की संख्या भी स्टेशन में नहीं के बराबर रहती है।

### नहीं आ रही थी पब्लिक

यात्रियों के लिए ही छत्तीसगढ़ व्यंजन का स्वाद देने गढ़कलेवा स्टॉल को प्लेटफार्म नम्बर एक पर ओपन कराया गया था। इसे संचालन करने के लिए महिला समूह को जिम्मेदारी दी गई थी। गढ़कलेवा ओपन होने के बाद पब्लिक नहीं आ रही थी, जिसकी वजह से उन्होंने स्टॉल को छोड़ दिया। अब दूसरी महिला समूह की खोज की जा रही है, ताकि उनकी ओर से सामानों को अच्छी तरह से पैकिंग कर यात्रियों को दी जाए।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

पृष्ठ 1 का शेष...

### रोजगार सहायक पर...

कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बछालीखुर्द के सरपंच ने अपने ग्राम में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए आवेदन दिया। क्रेडा विभाग को इसका सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उड़ागी के पीएम आवास के हितग्राहियों ने रोजगार सहायक पर मजदूरी की राशि का गबन करने की शिकायत करते हुए जांच एवं राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि 150 हितग्राहियों के लगभग साढ़े 31 लाख की राशि फर्जी मस्टर के जरिए निकालकर खा लिए हैं। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को उनका ज्ञापन सौंपते हुए जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
गिरधौना की कामिनी साहू ने स्वतः नामांतरण के अंतर्गत प्राप्त भूमि की ऋण पुस्तिका नहीं मिलने की शिकायत की। जिला पंचायत सदस्य राधा खिलावन पटेल ने खूंटाघाट जलाशय के मस्तुरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित गांवों में पानी नहीं पहुंचने की जानकारी देते हुए कार्रवाई करने की मांग की।

बिलासपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

## जगह-जगह विराजे विघ्नविनाशक


जय गणेश समिति माताचौरा


गीतांजलि नगर गणेश


मां कल्याणी गणेश उत्सव समिति


श्री हनुमान समिति विश्वविद्यालय


एसएस इंटरप्राइजेस तोरवा


पंचमुखी गणेश सरकंडा


जय अम्बे गणेश कतियापारा


ग्राम भवन लोखंडी चौक


विघ्नहर्ता गणेश विष्णुनगर


शुभ गणेश यदुनंदननगर


भगतसिंह आजादनगर तिफरा


श्री गणेश विराजे


श्री महामाया सेंदरी


सिद्धि विनायक उसलापुर


गीतांजलि पार्क कालोनी


सिद्धि विनायक बहतराई सकरी

# आठ राज्यों के 12 सौ प्रतिभागियों ने दी 706 प्रस्तुतियां

## प्रणवम महोत्सव का रंगारंग प्रस्तुति के साथ समापन

**कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में सांई नृत्य नीलियम समिति द्वारा आयोजित छह दिवसीय प्रणवम महोत्सव 2025 के चौथे संस्करण का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। इसमें देश के आठ राज्यों से आए 1200 प्रतिभागियों ने 706 प्रस्तुतियां दी।**









हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं में कुचिपुड़ी, कथक, भरत नाट्यम, मोहिनीयट्टम, ओडिशी व मणिपुरी जैसे शास्त्रीय नृत्य, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों व शास्त्रीय, सुगम संगीत की प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि यह हर्ष की बात है उनकी संस्थान द्वारा शास्त्रीय संगीत, नृत्य कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांई नृत्य निलियन एवं प्रणवम महोत्सव इतने कम समय में इस मुकाम को हासिल कर लिया है। विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डीन प्रो. नंद किशोर चौरे ने कहा कि प्रणवम महोत्सव की शुरुआत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के इसी ऑडिटोरियम से हुई थी तब इस कार्यक्रम में लगभग 550 प्रतिभागी थे और अब 1200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं। यह महोत्सव अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुका है। अंत में गुरु श्वेता व अरुण नायर ने आभार व्यक्त किया और बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य कला, संगीत और नृत्य के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

### दिए गए कई सम्मान

महोत्सव में गुरु द्रोणाचार्य सम्मान, कला विशिष्ट सम्मान और गुरु गौरव सम्मान प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रणवम प्रतिभा पुरस्कार, राष्ट्रीय उत्कृष्ट पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# संतोष चौबे' के ताजा कहानी संग्रह 'ग़रीबनवाज़' का लोकार्पण कल

**बिलासपुर।** वरिष्ठ कवि–कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह 'ग़रीबनवाज़' का लोकार्पण समारोह एवं पुस्तक पर चर्चा 4 सितंबर गुरुवार को साहित्य अकादमी दिल्ली के सभागार में होगा। यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसके पूर्व संतोष चौबे के 6 कहानी संग्रह 'हल्के रंग की कमीज', 'रेस्त्राँ में दोपहर', 'नौ बिन्दुओं का खेल', 'बीच प्रेम में गाँधी', 'मगर शेक्सपियर को याद रखना' तथा 'प्रतिनिधि कहानियाँ' प्रकाशित और चरित्र हुए हैं। 'ग़रीबनवाज़' का लोकार्पण समारोह कथाकार ममता कालिया के सान्निध्य में होगा। अध्यक्षता रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा करेंगे। श्री चौबे अपने ताजा कहानी संग्रह से कहानीपाठ करेंगे। स्वागत उद्बोधन कवि एवं वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के अध्यक्ष लीलाधर मंडलोई देंगे।कार्यक्रम में आलोचक अखिलेश, विनोद तिवारी, अल्पना मिश्र एवं आशुतोष कहानी संग्रह पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रांजल धर करेंगे। राजकमल प्रकाशन समूह के अशोक माहेश्वरी आभार व्यक्त करेंगे।बाक्स0 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'ग़रीबनवाज़' कहानियों का होगा मंचन5 सितंबर को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली सभागार में संवरेगा कहानियों का मंचवनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के तत्वावधान में 'संभव' आर्ट ग्रुप, दिल्ली द्वारा संतोष चौबे की दो कहानियाँ 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'ग़रीबनवाज़' का नाट्य मंचन नाट्य निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में होगा।कहानियों का मंचन 5 सितंबर को सम्मुख सभागार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली में होगा।



# कनाडा में होनप परिवार ने किया महालक्ष्मी पूजन

**बिलासपुर।** महालक्ष्मी का पूजन मंगलवार को भी किया गया, इसी क्रम में शहर के होनप परिवार कनाडा में रहकर परंपरा को जीवित रखने के ध्येय से माता पिता बुजुर्ग होने के कारण बसंत होनप परिवार के पुत्र शिशिर होनप ने कनाडा में रहकर परिवार के साथ इन्होंने विधी-विधान से इसकी पूजा की। इन्होंने बताया की विगत तीन वर्षों से होनप परिवार की श्री महालक्ष्मी पूजा कनाडा में पूरे विधि विधान से संपन्न कर रहे है। विदेश में नौकरी करने के बावजूद भी शिशिर होनप ने अपने कुल परम्परा का पूरी तरह से निर्वहन किया है।




यूके मुजुमदार परिवार द्वारा यदुनंदननगर स्थित निवास पर महालक्ष्मी की पूजा की गई।

# ध्यान और सत्संग का आयोजन



**बिलासपुर।** समर्थगुरुधारा मैत्री संघ के तत्वाधान में ध्यान और सत्संग का आयोजन किया गया, इस ध्यान और सत्संग में समर्थगुरुधारा के केंद्र संयोजक आचार्य दर्शन का मुरथल हरियाणा से आगमन हुआ। इस कार्यक्रम में आचार्य दर्शन ने सभी साधकों को तनाव मुक्त और आनंदित जीवन जीने के के गहरे सूत्र दिए आचार्य ने बताया कि वर्तमान जीवन में ध्यान कितना आवश्यक है। ध्यान से ही हमारी समझ, प्रज्ञा विकसित होगी सभी जिलों से आए हुए सभी साधकों को जीवन की छोटी-छोटी समस्या को कैसे हम अपनी प्रज्ञा से सरलता पूर्वक हल कर सकते हैं। ध्यान को अपने जीवन में जोड़कर कर अपने जीवन को तनाव मुक्त और आनंदित बना सकते हैं और अपनी हर छोटी-छोटी समस्या को बहुत आसानी से सुलझा सकते हैं। इसका गहरे सूत्र दिए राज्य संयोजक आचार्य संतोष चंद्र द्वारा आचार्य दर्शन का स्वागत और कार्यक्रम की अंत में आभार व्यक्त किया गया।

## अग्रहरी समाज की अध्यक्ष बनी सुधा

महिला अग्रहरी समाज की महिला संरक्षकों की उपस्थति में महिला कार्यकारणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष सुधा संतोष गुप्ता को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष मौसमी अशोक गुप्ता,उपाध्यक्ष पद्मिनी (स्वीटी) संतोष गुप्ता,सरिता प्रमोद कुमार अग्रहरी,महामंत्री सुनीता मनीष अग्रहरी,कोषाध्यक्ष रचना हरप्रसाद अग्रहरी,उपाध्यक्ष सरिता पी.के.अग्रहरी पद्मनी संतोष अग्रहरी को दायित्व दिया गया।



## कुंभकर्ण झांकी से जागा आत्म-जागरण, मिला नशे से छुटकारे का मार्ग

बिलासपुर। ब्रह्माकुमारीज हेमुनगर के तत्वावधान में चल रहे नशा मुक्ति अभियान जिसका शुभारंभ महापौर पूजा विधानी ने किया था, उसका प्रभाव लगातार जन-जन तक पहुँच रहा है। बीते एक सप्ताह में विशेष नशा मुक्ति रथ ने 26 विद्यालयों एवं लिमतरा, कर्रा, महमंद, धुमा, सिलपहरी, दोमुहानी, गणेश नगर, दर्रीघाट, पोड़ी, सरवानी, लावर, देवरीखुर्द, हेमुनगर, अन्नपूर्णा विहार, शिव विहार, लालखदान, बुधवारी बाजार जैसे गाँवों व चौक-चौराहों में पहुँचकर लोगों को जागरूक किया।



## खबर संक्षेप

### रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने वाली अन्नु हुईं पुरस्कृत



**बेलतरा।** केंद्रीय रेशम बोर्ड के तहत रेशम कृषि मेला, मेरा रेशम-मेरा अभिमान कार्यक्रम के तहत बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रमतला की अन्नु रामसनेही कोरी को केंद्रीय रेशम बोर्ड की ओर से रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कृत किया गया। ग्राम रमतला निवासी अन्नु कोरी ने एक माह में 12 हजार नग कोसा बीज तैयार कर यह रिकॉर्ड बनाया है। वहीं अन्य महिलाएं ग्रुप में भी मिलकर इतना कोसा बीज तैयार नहीं कर पाईं, जितना अन्नु ने अकेले कर के 40 हजार आमदनी अर्जित की। अन्नु कोरी को केंद्रीय रेशम बोर्ड रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी, बिलासपुर के डॉ नरेंद्र कुमार भाटिया व सीएस नोन्हारे के हाथों सम्मानित किया गया।

### डीएवी गोढ़ी में 100 छात्र-छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में छात्र-



छात्राओं के स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र दगोरी के डॉक्टर्स की टीम मंजुलता वर्मा मेडिकल ऑफिसर दगोरी, हेमंत श्रीवास, वरुण कुमार कौशल एवं जितेन्द्र बांधे आदि ने लगभग 100 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मंजूलता वर्मा ने कहा कि, हम सभी जानते हैं कि, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। यदि हमारा शरीर स्वस्थ नहीं है, तो हम न तो पढ़ाई में मन लगा सकते हैं, न ही जीवन के अन्य कार्यों में सफलता पा सकते हैं। इसलिए समय-समय पर सम्पूर्ण शारीरिक जांच कराना बहुत आवश्यक है। शारीरिक जांच से हमें यह पता चलता है कि, हमारे शरीर के विभिन्न अंग हृदय, फेफड़े, आंखें, दांत, रक्तचाप, वजन आदि सामान्य हैं या नहीं। यदि किसी प्रकार की बीमारी की संभावना होती है, तो डॉक्टर समय रहते उसका इलाज शुरू कर देते हैं। इससे बड़ी बीमारियों से बचाव संभव हो पाता है। इस आयोजन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, आजकल की व्यस्त जीवनशैली, गलत खानपान और तनाव के कारण कई तरह की बीमारियां चुपचाप हमारे शरीर में पनप जाती हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच इन बीमारियों को प्रारम्भिक अवस्था में पकड़ लेती है, और हमें सतर्क करती है। उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं समय देने के लिए पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के स्वास्थ्य समिति के सदस्य शिक्षिका इंदुलता सोनी एवं शिक्षक दीपक कुमार सन्नाट ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### वैश्य समाज की परंपरागत बंजारी पूजा संपन्न

**करगीरोड कोटा।** स्थानीय अग्रहरि धर्मशाला में



अग्रहरि वैश्य समाज की परंपरागत बंजारी पूजा का आयोजन किया गया। समाज के पदाधिकारी सहित समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पूर्ण आहुति प्रदान की। समाज के अध्यक्ष फूलचंद अग्रहरी तथा पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि, बीते कुछ दिनों में समाज के कई परिवारों में निधन होने से सभी परिवार शोक संतृप्त रहे। इसी कारण इस वर्ष भोज तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों को विराम देकर केवल वार्षिक पूजा का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि, यह पूजा समाज की धार्मिक आस्था, परंपरा एवं आपसी एकजुटता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संपन्न कराई गई।

### सेजेस पंधी में 68 बालिकाओं को मिली निःशुल्क सायकल




**लगरा।** मुख्यमंत्री सरस्वती योजना के तहत सेजेस पंधी में 68 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर सायकल वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाएं बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए है। समारोह में अनुजा मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्श चंद्रप्रकाश सूर्या, जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, राधेश्याम मिश्रा, यदुराम साहू, श्यामलाल पटेल, पंधी सरपंच वीरेंद्र साहू, देवरी सरपंच रीता रात्रे, प्राचार्य संजय शर्मा शाला स्टाफ, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं: मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने फ्लैगशिप योजनाओं के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए।

उन्होंने जनसमस्याओं एवं जनशिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने को कहा। उन्होंने पीएम जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने, आकांक्षी ब्लॉक गौरेला में नीति आयोग के दिशा निर्देशों के तहत सभी 40 इंडिकेटर में हितग्राहियों को संतृप्त करने, स्कूली बच्चों का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने, न्यायालयीन प्रकरणों में समय-सीमा में जवाब-दावा प्रस्तुत करने, वन अधिकार पट्टा, कार्यालयों में स्मार्ट



अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेतीं कलेक्टर।

विद्युत मीटर लगाने, सभी विभागों को अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस का क्रियान्वयन करने, जिला रेडक्रॉस सोसायटी में सदस्यों की संख्या बढ़ाने के साथ ही आगामी जनगणना 2027 के लिए प्रारंभिक तैयारी आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को मैदानी भ्रमण के दौरान विभागीय कार्यों के साथ-साथ आवास, पेंशन, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाओं सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति का अवलोकन करने और निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए छूटे हुए सभी किसानों से अनिवार्य रूप से एग्रीस्टेक पंजीयन कराने, स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन फ्लाई सर्वे का कार्य पूर्ण कराने, जिले में चिन्हित 169 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र की स्थापना के लिए 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व का आयोजन एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान और रजत जयंती वर्ष के तहत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर मौत सिर में चोट लगने से होने के कारण जानमाल की सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन के लिए दो पहिया वाहन का उपयोग करने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के संबंध में जारी निर्देश का पालन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए जनजागरूकता के तहत पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों की बैठक लेकर 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' के संबंध में निर्देशित किया गया है। उन्होंने 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' का कड़ाई से पालन कराने खाद्य निरीक्षकों से पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कराने जिला खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में वनमंडल अधिकारी ग्रीष्मी चांद, जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड विक्रांत अंचल, एसडीएम मरवाही निकिता मरकाम, डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र सिरमौर, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा तिवारी सहित जिला, अनुविभाग एवं खंडस्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# धर्मजीत की पहल पर सकरी जोन में होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा नगर निगम के जोन क्रमांक 1 सकरी के विभिन्न वार्डों के लिए 6. 62 करोड़ रुपए के विकासकार्यों की सौगात दी गई।



स्कीकृत कार्यों में सकरी में 2 करोड़ की लागत का सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन, बचनबाई बाल सुंदर हायर सेकेंडरी प्रांगण में 30 लाख की लागत से विद्युतीकरण, पुराना बाजार में 50 लाख की लागत से शेड निर्माण, राजिम तालाब पार में 17.93 लाख की लागत से सीसी रोड, कुम्हारपारा में 8.45 लाख की लागत से सीसी रोड, वार्ड क्रमांक 3 में डे के घर से रघु के घर तक 13. 80 लाख की लागत का सीसी रोड निर्माण, साईं नगर उसलापुर में 40 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में 23.49 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 3 में हर्ष पाण्डेय के घर से अभिजीत के घर होते हुए भानु राजपूत के घर तक 19.71 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 में एक्का टीआई के घर से श्यामलाल यादव के घर तक प्राकृति विहार में 7.89 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 सागरदीप कालोनी में 70 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली, वार्ड क्रमांक 3 शिवनगर में 25 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 वैष्णवी विहार में 10 लाख की लागत का नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 संतोष सूर्यवंशी के घर से खेलन पात्रे के घर तक 10.34 लाख की लागत से नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 मुकेश सुनहरे के घर से आगन बाड़ी केंद्र तक 14. 87 लाख की लागत से नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 एसएलआरएम सेंटर से लक्ष्मीनारायण के घर तक 32.43 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 अपना किराना दुकान से पवित्रा सिक्का के घर तक 22.50 लाख की लागत से सीसी एवं नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 गीतांजलि नगर में 15 लाख की लागत से मुख्य निस्तारी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 2 सैदा रोड मुक्तिधाम में 10 लाख की लागत से शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 आरसीसी नाली निर्माण मालिक राम के घर से अमृत सूर्यवंशी के घर तक 40 लाख की लागत का नाली निर्माण आदि कार्य शामि हैं।

उक्त विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक धर्मजीत सिंह ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का आभार जताया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को आजीवन कारावास

**गौरेला।** पेंड्रा में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को



एडीजे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ज्ञात हो कि, घटना के महज आठ महीनों के भीतर ही ये फैसला सुनाया गया है। पूरा मामला 14 जनवरी 2025 को कोटमीकला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है, जहां पंकज पठारी के नामक यवुक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया। शिकायत में बताया गया कि, आरोपी पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग लड़की को घर में अकेली पाकर उसके घर में जबरन घुस गया, और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ पेंड्रा थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में फैसला सुनाते हुए विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ज्योति अग्रवाल ने आरोपी पंकज पठारी उर्फ पंकज टेकाम पिता राजकुमार टेकाम को पॉक्सो एक्ट की धारा 3 और 4 के तहत आजीवन कारावास और एक हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही बीएनएस एक्ट की धारा 332(ख) के तहत सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनो सजाएं आरोपी को एक साथ भुगतनी होंगी। अर्थदंड नहीं देने पर को एक-एक माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। शासन की ओर से पैरवी विशेष अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

## अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते 11 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि, पिछले माह 20 से 31 अगस्त तक खनिज रेत के 10 वाहन एवं खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर 1 जेसीबी वाहन पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

इन वाहनों को ग्राम सिलपहरी के सोन नदी क्षेत्र से, पतरकोनी सोन नदी क्षेत्र, मरवाही सोन नदी क्षेत्र, पीपरडोल सोन नदी क्षेत्र, अण्डी सोन नदी क्षेत्र, देवरीडांड सोन नदी क्षेत्र एवं जेसीबी वाहन को कोटखर्रा के सोनाली नाला से अवैध रेत उत्खनन करते पाए जाने पर जब्त किया गया है। जप्त वाहनों को पुलिस थाना गौरेला, पुलिस थाना मरवाही एवं रक्षित केंद्र अमरपुर के सुरक्षार्थ रखा गया है।



जब्त वाहनों में सोनालिका सोल्ड ट्रेक्टर, वाहन मालिक प्रताप सिंह पोर्ते निवासी ग्राम सिलपहरी तहसील पेंड्रा, सोल्ड महेन्द्रा ट्रेक्टर, वाहन मालिक राजेश यादव निवासी ग्राम कुम्हारी तहसील मरवाही, वाहन सीजी 29 ए 2536, मालिक भंवर सिंह निवासी ग्राम सिलपहरी तहसील पेंड्रा, ट्रेक्टर सीजी 31 बी 8226, मालिक वीरेन्द्र सिंह मसराम निवासी पतरकोनी तहसील पेंड्रा, सोल्ड महेन्द्रा ट्रेक्टर, मालिक चेतराम कुरशाल निवासी ग्राम साल्हेकोटा थाना मरवाही, ट्रेक्टर ट्रेक्टर 10A वी 3892, मालिक सगीर अंसारी निवासी ग्राम सेवरा थाना पेंड्रा तहसील पेण्ड्रा, ट्रेक्टर ट्रेक्टर 23 एम 1272, मालिक बृजलाल पोर्ते निवासी ग्राम धनपुर मरवाही, सोल्ड पावर ट्रेक्टर, मालिक कमलेश्वर पेन्द्रो निवासी ग्राम पीपलामार पेंड्रा, सोल्ड सोनालिका ट्रेक्टर, मालिक भुवनेश्वर पोर्ते निवासी ग्राम पीपलामार पेंड्रा, ट्रेक्टर सीजी 31 ए 0588, मालिक शुभांशु दुबे निवासी ग्राम बन्धी पेंड्रा एवं एक सोल्ड जेसीबी, मालिक अमृत लाल गुर्जर निवासी ग्राम कोटखर्रा पेंड्रा शमिल हैं।

## 6 माह से रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार बंद, यात्री हो रहे परेशान

**गौरेला।** पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार विगत 6 माह से स्टेशन के नवीनीकरण के नाम पर बंद कर दिया गया है जिससे यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग यात्री एवं महिलाओं बच्चों सहित दिव्यांगों को असुविधा हो रही है। बीते



6 माह में अनेक यात्रियों की ट्रेन छूट चुकी है। रेल सलाहकार समिति पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं क्योंकि समिति लोगों की सुविधाओं के मुद्दों को नहीं उठा रही है।

नागरिकों ने स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द मुख्य द्वार को खोलने की बात कही है अन्यथा हो रही सुविधाओं के कारण उग्र आंदोलन किए जाने की भी बात कही गई है। नागरिकों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर से भी मुलाकात कर यह जानना चाहा आखिर ठेकेदार काम क्यों नहीं कर रहा है, कार्य क्यों बंद है, यह धीमी गति से कार्य क्यों हो रहा है परंतु पता चला साहब बिलासपुर में है। विगत 6 माह में वरिष्ठ रेल अधिकारी अपने दौरे में पेंड्रा रोड स्टेशन पहुंचे जहां मीडिया ने भी उनसे बात कर एक द्वार खोलने की बात कही थी परंतु अधिकारियों ने उसे अनसुना कर दिया। नागरिकों ने शीघ्र ही रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार खोलने की मांग की है।

## लोरमी के गणेश पंडालों में पहुंचकर डिप्टी सीएम साव ने की पूजा

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने सोमवार को नगर के विभिन्न गणेश पंडालों में पहुंच कर प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि, श्री गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर लोरमी नगर भक्ति के रस में डुबा है। नगरवासी रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी की आराधना में लीन हैं।



पूजा-अर्चना कर श्री साव ने विघ्नहर्ता श्री गणपति से प्रदेशवासियों के लिए सफल, सुखद एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। उन्होंने लोरमी के आदर्श गणेश उत्सव समिति गांधीडीह, जय दुर्गा समिति, गुरुद्वारा चौक, ईगल गणेश उत्सव समिति फव्वारा चौक, शीतला मंदिर गणेश उत्सव समिति, बाजार पारा, नवद्वीप गणेश उत्सव समिति महामाया पारा, राजा बाड़ा गणेश उत्सव समिति, ब्राह्मण पारा, ब्राह्मण पारा गणेश समिति, संकल्प गणेश उत्सव, महामाया पारा, सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति, मानस मंच और गायत्री नगर गणेश उत्सव समिति के पंडाल पहुंचकर गणपति बप्पा के आरती में शामिल हुए। बता दें कि, लोरमी नगर पालिका में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर के गणेशोत्सव समितियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। श्री साव सोमवार शाम नगर के विभिन्न गणेश पंडाल पहुंचकर पंडाल स्वच्छता एवं साज सज्जा तथा गणेश झांकी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने समिति के सदस्यों से भेंट कर उत्साहवर्धन किया। पंडाल के माध्यम से स्वच्छता संदेश देने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



### महिला कमांडो के सर्चिंग अभियान का सकारात्मक असर

**मल्हार।** एसएसपी बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देश में सभी थान एवं चौकी क्षेत्रों में महिला कमांडो टीम का गठन किया गया है, जिसका सकारात्मक असर अब दिखने लगा है। महिला कमांडो टीम द्वारा लगातार मल्हार में लाठी, टॉर्च व सीटी लेकर रात्रि गस्त की जा रही है। यह कदम क्षेत्र में शराबी व गुंडे-बदमाशों को सही दिशा देने में कारगर साबित हो रहा है। चौकी प्रभारी मल्हार ओंकार धर दीवान की मेहनत का फल अब धीरे-धीरे दिखने लगा है। गुंडे सहित अन्य शरारती तत्वों पर नकेल लगने से आमजन राहत महसूस कर रहे है।

## एटीआर में पहल अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**लोरमी।** 'पहल' जागरूकता अभियान के तहत पुलिस ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र अचानकमार, छपरवा, लमनी, विंदावल में कार्यक्रम आयोजितद कर स्कूल विद्यार्थी एवं ग्रामीणों को अपराधों के प्रति जागरुक किया एवं उनसे दूर रहने का दिया संदेश। 'पहल' अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यशाला एवं विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को समाज मे बढ़ती कुरीतियों एवं अपराध से बचाने के उद्देश्य से जिले के अचानकमार सहित अन्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के जागरुक किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासित टाइम टेबल बनाकर कड़ी मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से पढ़ाई करने को प्रेरित किया गया। खुड़िया चौकी प्रभारी माधव टांडिया के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शत्रुघन खुंटे, बबीता श्रीवास एवं पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड की टीम ने अचानकमार, छपरवा, लमनी, विंदावल आदि गांवों की विद्यालय में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पहल टीम ने साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, महिलाओं एवं



बच्चों संबंधित अपराध, यातायात नियम एवं कानूनों से संबंधित महत्पूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी माधव टांडिया, आरक्षक परमेश्वर वर्मा, अचानकमार सरपंच मीना अनंत, उपसरपंच दीप प्रकाश, छपरवा सरपंच रोहित अनंत, लमनी सरपंच खुशबू देवी अग्रवाल, सरपंच प्रतिनिधि अमित अग्रवाल एवं ग्राम सचिव मालिक राम अनंत ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## 300 ग्रामीण को परिवारों को मिलनी है सुविधा

# गुणवत्ताहीन पानी टंकी निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धमनी में ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस योजना से लगभग 300 ग्रामीण परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद थी, लेकिन मौके पर हो रहे निर्माण कार्य को देखकर अब ग्रामीणों में गहरी चिंता और असंतोष व्याप्त है।

निरीक्षण के दौरान निर्माण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट दिखाई दी, जहां मानकों की गंभीर अनदेखी की जा रही है। कई जगह सरिया पूरी तरह कंक्रीट से ढकी नहीं हैं, जिससे वह खुले में जंग खा रही हैं। साथ ही सीमेंट और गिट्टी का अनुपात संतुलित नहीं रखा गया है, जिसके कारण ढलाई कमजोर है। कई स्थानों पर दीवारों में दरारें और छेद उभर आए हैं, जिससे टंकी की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमानुसार ढलाई की गुणवत्ता और पानी रोकने की क्षमता



सुनिश्चित करना अनिवार्य है, लेकिन यहां यह नियम पालन होता नहीं दिख रहा है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी मेसर्स निरंजन कुमार जायसवाल नामक एजेंसी को दी गई है, जिसके ठेकेदार निरंजन जायसवाल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय धन का दुरुपयोग किया गया है।

### ग्रामीणों की शिकायतें सही

उपसरपंच एजाज अली ने बताया कि हमारे गांव के लोग वर्षों से पेयजल संकट से जूझते रहे हैं। सरकार ने टंकी विस्तार की योजना तो दी, लेकिन यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं होगा तो यह योजना व्यर्थ साबित होगी। ग्रामीणों की शिकायतें सही साबित हो रही हैं। हम चाहते हैं कि तकनीकी टीम जल्द जांच करे और दोषियों को बख्शा न जाए। ग्रामीण विनोद निषाद ने बताया कि सालों से हम पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। टंकी का निर्माण शुरू हुआ तो हमें उम्मीद थी कि, अब राहत मिलेगी, लेकिन घटिया काम देखकर डर लग रहा है, कि यह कभी भी गिर सकती है। कई बार हमने देखा कि सीमेंट, गिट्टी और लोहे की क्वालिटी सही नहीं है। अब तो टंकी में दरारें भी दिखने लगी हैं। अगर टंकी ऐसे ही बनी तो, आने वाले समय में यह कभी भी टूट सकती है एवं कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### टंकी निर्माण आवश्यक

ग्राम धमनी के लिए पानी टंकी का निर्माण बेहद आवश्यक है। यह योजना लगभग 300 परिवारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीकृत की गई है, लेकिन जिस तरह से निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ताहीन सामग्री के प्रयोग की शिकायतें सामने आ रही हैं, वह गंभीर विषय है। हमारी प्राथमिकता ग्रामीणों को सुरक्षित और दीर्घकालीन सुविधा देना है। इसलिए मैं स्वयं भी इस कार्य की जांच की मांग कर रही हूं। सात ही संबंधित विभाग से आग्रह करूंगी कि ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की जाए।

-रिकी राज कौशिक, सरपंच।

## जिला चिकित्सालय के नवीन भवन के लिए राशि स्वीकृत

**गौरेला।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची की मांग और लगातार प्रयास से जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए 100 बिस्तर के नवीन जिला चिकित्सालय भवन की स्वीकृति बजट में स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वास्थ्य सुविधा में पिछड़ते जिले में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची के द्वारा लगातार प्रयास किया जाता रहा है,



जिसका परिणाम था कि इस वर्ष 100 बिस्तर के नवीन जिला चिकित्सालय भवन की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन के बजट में प्राप्त हो गई थी। इसके लिए 18.09 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति वित्त विभाग द्वारा की गई है। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने बताया कि, जिले वालों के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के द्वारा जिले को बड़ी सौगात के रूप में 100 बिस्तर का नया जिला अस्पताल दिया गया था, जिसके नवीन भवन के लिए छत्तीसगढ़ वित्त विभाग से 18.09 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अब जल्द ही बाकी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नवीन भवन निर्माण को प्रारंभ किया जाएगा एवं जिलेवासियों को नया सर्वसुविधायुक्त जिला चिकित्सालय भवन प्राप्त होगा। मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने जिला वासियों की तरफ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

**खबर संक्षेप**

## युवक से मारपीट व गालीगलौज, जुर्म दर्ज

तखतपुर। अवैध कब्जा कर मकान बनाकर रह रहे आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार राम्हेपुर निवासी वेदप्रकाश अग्रवाल 16 जुलाई को वह बांधा के खेत में काम कराने के लिए गया हुआ था तभी खेत के सामने अवैध कब्जा कर मकान बनाकर रहने वाले आरोपी राजकुमार श्रीवास उनकी पत्नि गीता श्रीवास, भाई भरत श्रीवास ने उसे भाई रंजीत अग्रवाल के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 296, 3, 5 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## रंगमंच निर्माण कार्य का सामूहिक भूमिपूजन



मस्तूरी। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भरारी के वार्ड क्रमांक 12 धनवार मोहल्ला में 2 लाख की लागत से निर्माण होने वाले रंगमंच निर्माण कार्य का भूमि पूजन सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेश्वर कुर्रे, पूर्व सरपंच द्वारिका टंडन, मिथलेश्वर पटेल, जयसिंह पैकरा,उमाशंकर पटेल उपसरपंच, डॉक्टर पैकरा, लीला, दया कैवर्त, रामपाल, सरोज पैकरा, इवगेश पटेल, नारायण राज, अशोक पटेल, रवि पटेल, खीरसागर पटेल, जूरी, अश्वनी टंडन, जितेंद्र यादव, धनी राज, दुर्गा पैकरा सहित ग्राम पंचायत भरारी के वरिष्ठ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**निधन**

### राधा देवी मनसुखानी



बिलासपुर। सागर शिखर अपार्टमेंट मार्क हॉस्पिटल के सामने सरकंडा निवासी राधा देवी मनसुखानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वः मुरलीधर मनसुखानी की पत्नी एवं राजकुमार (राजू), राम मनसुखानी की माता थीं।

### गिरधारी बढ़ई



बिलासपुर। रतनपुर करैहापारा निवासी गिरधारी बढ़ई का 2 सितंबर को निधन हो गया। वे 40 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को दोपहर 1 बजे नगर के दुबिया तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विजय बढ़ई, स्व. प्रेमा देवी बढ़ई के पुत्र, अनमोल व रिद्धि बढ़ई के पिता थे।

### पूरन देवांगन



तखतपुर। वार्ड क्रमांक 11 के निवासी पूरन देवांगन 38 वर्ष का 2 सितम्बर को निधन हो गया। वे ईश्वर देवांगन के छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार देवांगनपारा मुक्तिधाम में किया गया।

### इंडक्शन, दीक्षारंभ एवं प्रोत्साहन सम्मेलन में शामिल हुए धरमलाल

# संयम-अनुशासन का जीवन में बड़ा महत्व: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव




कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक धरमलाल कौशिक।

गुरु रविदास शासकीय महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए इन्डक्शन, दीक्षारंभ एवं स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक थे।

श्री कौशिक ने कहा कि छात्र जीवन में मेहनत, संयम, अनुशासन और आत्मविश्वास का बड़ा महत्व है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन के संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि हम सरकारी स्कूल में उस समय पढ़ाई-लिखाई की जब संसाधनों की कमी थी। आज आप लोगों के पास अतिरिक्त संसाधन हैं, जरुरत है तो उन संसाधनों के सदुपयोग का। उन्होंने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने प्रोत्साहित किया। साथ ही भारत में बढ़ई, मिस्त्री, बुनकर आदि द्वारा निर्मित समानों को अपने दैनिक जीवन, दिनचर्या में शामिल कर भारत को अर्थव्यवस्था में प्रथम स्थान में लाने संकल्प दिलाया। भारत युवाओं का देश है। युवा चाहे तो जल्द ही हमारा भारत विकसित देश की श्रेणी में शिखर पर रहेगा। छात्र छात्राओं को नौकरी के साथ साथ आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि ओलंपिक, खेल, इंजीनियर किसी भी क्षेत्र में कैरियर बनाया जा सकता है। आप लोगों में प्रतिभा है जरुरत है तो सिर्फ निखारने की महाविद्यालय के अनुशासन पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखें। टाइम पास करने के उद्देश्य से शिक्षा के मंदिर को धर्मशाला न बनाएं। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय जीवन से परिचय कराया। जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू ने भी संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीएस ठाकुर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, असद मोहम्मद, सविता कौशिक, जमुना पांडे, महेश साहू, मनोज यादव, हैप्पी हूरा, शिव पाण्डेय, राम जुड़ावन साहू, नंदनी साहू, पूर्णिमा ध्रुव, मीना गोस्वामी, मीनाक्षी क्षत्री, रामकुमार कौशिक, संजीव नेता, पंकज वर्मा, निखिल कौशिक, कमलेश अग्रवाल, दुर्गेश कौशिक, विरेन्द्र तिवारी, नवाब खान बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बालिकाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने रजत जयंती के उपलक्ष्य पर महिला एवं बाल विकास विभाग बिलासपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को संम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास न केवल समाज में जागरूकता का संचार करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।






## सुशांत ने किया मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ

■ बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने किया शुभारंभ

बिलासपुर। आदिवासी समुदायों के शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक अवसर, सामाजिक न्याय एवं अन्य क्षेत्रों में कल्याण एवं विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है।

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास पी.सी. लहरे, अभियान के नोडल एवं जिला समन्वयक, रेड क्रास सोसायटी सौरभ सक्सेना, विभिन्न विभागों से चयनित ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स एवं जिला मास्टर ट्रेनर्स एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि मौजूद थे। 2 सितंबर से 4 सितंबर तक तीन दिवसीय आवासीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रोसेस लैब का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास एवं सबका प्रयास के नारों के साथ शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक प्रत्येक ग्रामों, व्यक्तियों तक पहुंचाने हेतु आग्रह किया । प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का सही उपयोग करने कहा , ताकि इसका लाभ शासन की मंशा अनुरूप सभी को मिल सके। कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में नोडल सौरभ सक्सेना द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सहायक आयुक्त पी सी लहरे द्वारा मुख्य अतिथि के प्रति आभार प्रगट किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी सुशील मिश्रा द्वारा किया गया।

# मस्तूरी क्षेत्र में 20 सड़कों की मरम्मत की मिली स्वीकृति

मस्तूरी। क्षेत्र के अधिकांश जर्जर सड़क की हालत को लेकर विधायक दिलीप लहरिया ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर सड़क की स्थिति से अवगत कराते हुए सड़कों के सुधार के लिए मांग की थी। विधायक लहरिया के प्रयास से लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र की जर्जर 20 प्रमुख सड़क की मरम्मत कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन सड़कों के सुधार हो जाने से ग्रामीण अंचल में आवागमन सुगम होगा और विकास की गति तेज होगी। जिस सड़क में मरम्मत कार्य किया जाएगा उसमें मुख्य रूप से पचपेड़ी से चिल्हाटी मार्ग (व्हाया केंवतरा, सुकुलकारी, भरारी, केवटाडीह, टांगर, बोहारडीह, लोहर्सी), मल्हार से चिल्हाटी मार्ग (व्हाया धनगवां, भगवानपाली, ओखर, गीधपुरी, बहतरा, भटचौरा), दर्रीघाट से लावर कोनी ईटवा पाली सरसेनी मटिया ठाकुरदेवा खपरी गिधपुरी मार्ग, जोंधरा से सोन बसंतपुर उदईबंद मार्ग, मस्तूरी से मल्हार जोंधरा लवन मार्ग, सीपत से बलौदा कोरबा मार्ग, सीपत से बेलतरा मार्ग, नवाडीह चौक सीपत झलमला मोहरा मार्ग, मोपका खैरा गतौरा जयरामनगर मार्ग, खम्हरिया सोंठी नवापारा मार्ग, दर्रीघाट फरहदा मार्ग, रांक मार्ग, सीपत नरगोडा मार्ग, खैरा देवरी मार्ग, कोरबी खोंदरा मार्ग, दबनडीह भागोडीह दर्राभाठा मार्ग, बोहरडीह केंवटडीह भुतहा मार्ग, बकरकुदा मटिया मार्ग, पथराखान पहुंच मार्ग, बिटकुली पोंडी हथनी मार्ग शामिल है। सड़क मरम्मत कार्य की स्वीकृति मिलने पर विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मेरा प्रयास लगातार जारी रहेगा।

## सड़क निर्माण स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा गया प्रस्ताव

बिलासपुर। लोक निर्माण अनुविभाग कोटा के अंतर्गत दो सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति की कार्रवाई तेजी से चल रही है। कार्यपालन अभियंता श्री वी एन के शास्त्री ने बताया कि इनमें से कोटा पंडरा पथरा से श्रीपारा पहुंच मार्ग वर्ष 2024- 2025 के विभागीय बजट में शामिल है। सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 56 लाख का प्राक्कलन स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा गया है। तब तक के लिए आवागमन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए जरूरी रैन कट और पैच रिपेयर के काम कराए जा रहे हैं। इसी तरह रतनपुर कोटा मुख्य मार्ग से अमाली बिल्ली बंद पहुंच मार्ग निर्माण के लिए वर्ष 2025 26 के पीडब्ल्यूडी विभाग के बजट में शामिल किया गया है। मार्ग का विस्तृत सर्वे कार्य कर लिया गया है और इसका प्राक्कलन राज्य शासन को प्रेषित किया जा रहा है। तब तक के लिए लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेन कट और पेच रिपेयर के काम कराया जा रहे हैं । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री हर्ष कबीर ने जल जीवन मिशन के कामों को अधूरे छोड़े जाने के संबंध में बताया कि नवागांव सलका एवं अमाली सहित अन्य गांव में जल जीवन मिशन का काम चल रहा है। किसी भी ठेकेदार ने काम बंद अथवा अधूरा नहीं छोड़ा है। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को त्वरित गति से काम करते हुए जल प्रदाय योजनाओं के शेष काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# रायपुर में हुआ मल्हार की विभूतियों का सम्मान




मल्हार। वृंदावन परिसर सिविल लाइंस रायपुर स्थित सभागार में शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ की ओर से लोक कला साहित्य पर प्रचारित संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन 1 सितंबर को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर महाराज कमल चंद्र भंजदेव एवं अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल ने की। साथ ही पद्मश्री अनूप रंजन पांडे, पद्मश्री कुमार सिंह कुंवर, शकुंतला धरसींवा जपं अध्यक्ष, दिनेश खूंटे उपाध्यक्ष, कविता चंद्राकर एवं चंद्रकला के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिग्गजों का सम्मान विभिन्न अलंकरणों से किया गया। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि ने मल्हार के लेखक एवं डाकपाल राजेश पांडे को शिखर साहित्य सम्मान एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह नगर के अवकाश प्राप्त प्रधान पाठक शेषनारायण गुप्त का सम्मान छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान देकर किया गया। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इसी तरह सीवी रमन विवि के सहायक प्राध्यापक मस्तूरी के प्रकाश तिवारी का सम्मान शिखर कला रत्न सम्मान देकर किया गया। उन्हें भी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

# महतारी सदन भवन स्वीकृत होने पर महिलाओं ने विधायक का जताया आभार



विधायक लहरिया को बुके भेंट करती महिलाएं।

मस्तूरी। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गठित अनमोल पंचायत फेडरेशन एवं आरडीएसडब्ल्यूएस सेवा सदन टाटीबंध रायपुर के सौजन्य से 10 मार्च 2024 को जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत टिकारी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित रहे विधायक दिलीप लहरिया से महिलाओं ने महतारी सदन भवन की मांग रखी थी। जिसे श्री लहरिया ने सहज भाव से स्वीकार किया था और महिलाओं की मांग को लेकर विधायक दिलीप लहरिया ने विभागीय मंत्री से मुलाकात कर महतारी सदन भवन निर्माण कराने की मांग की थी, जिस पर विभागीय मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते में हुए मस्तूरी ब्लाक के ग्राम पंचायत टिकारी व चिल्हाटी में 30-30 लाख की लागत से दो महतारी सदन भवन की स्वीकृति प्रदान किया है। विधायक लहरिया के प्रयास से महतारी सदन भवन की स्वीकृति से प्रफुल्लित अनमोल पंचायत फेडरेशन के पदाधिकारी व महिला सदस्यों ने विधायक निवास कार्यालय में पहुंचकर विधायक दिलीप लहरिया को बुके देकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। अनमोल पंचायत फेडरेशन में ग्राम पंचायत टिकारी , चौहा, डोड़की, दलदली, अकोला, नवागांव, पेंड्री, रिसदा, कौहरौदा, वेद परसदा, देवगांव, रलिया, किसान परसदा, मुड़पार, सरगंवा, खोरसी, कोसमडीह, जयरामनगर खैरा, खुडुभाठा, पाराघाट, बकरकुदा, सरसेनी सहित 45 गांव के महिलाएं शामिल हैं।

# सिम्स में हुआ मरीज का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिम्स अस्पताल के अस्थी रोग विभाग में निरन्तर घुटना और कूल्हे के जोड़ों का प्रत्यारोपण हो रहा है जो कि गरीब मरीज़ों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस तरह 20 जुलाई 2025 को 40 वर्षीय पुरुष सोन लोहरसी, बिलासपुर निवासी, अस्थी रोग विभाग के ओपीडी में दाएं कूल्हे में दर्द के कारण चलने, बैठने और नियमित कार्य करने में असमर्थ होने की वजह से परामर्श लेने पहुंचा था।

डॉ तरूण सिंह ठाकुर द्वारा मरीज की खून जांच की गई और एक्स-रे कराया गया। एक्स-रे में पाया गया कि मरीज के दायां कूल्हा पूरी तरह से खराब हो चुका था, जिसके लिए डॉ तरुण सिंह ठाकुर द्वारा कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। मरीज के फिटनेस के बाद मरीज के दाएं कुल्हे का २ सितंबर को ऑपरेशन किया गया। मरीज का ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन ऑपरेशन के पश्चात मरीज पूरी तरह स्वस्थ है, दर्द मुक्त है और चलने फिरने में सक्षम है। ऑपरेशन टीम में प्रमुख डॉ तरूण सिंह ठाकुर (सहायक प्राध्यापक), डॉ प्रमोद जायसवाल, डॉ रवि महोबिया, डॉ सोमेश शुक्ला और पी जी रेसिडेंट शामिल थे। ऑपरेशन डॉ ए आए बेन (विभागाध्यक्ष अस्थिरोग) के मार्गदर्शन में हुआ। एनेस्थिसिया टीम में डॉ मधुमिता मूर्ति (विभागाध्यक्ष), डॉ मिल्टन, डॉ श्वेता, डॉ भावना और टीम शामिल थे। नर्सिंग में योगेश्वरी और टीम शामिल थे। एनेस्थिसिया डॉक्टरों का ऑपरेशन के पश्चात दर्द निवारण में विशेष योगदान रहा है।

## खरीफ की पंजीयन की अंतिम तिथि अब 15 सितम्बर तक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग का एक उपक्रम छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान कर अन्य किसानों की तुलना में प्रति एकड़ अधिक लाभ कमाने का मौका देता आ रहा है लेकिन इसकी जानकारी कुछ ही किसानों को होती है। पूर्व में बीज उत्पादन कार्यक्रम खरीफ की पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अगस्त .2025 निर्धारित की गई थी जिसमें शासन द्वारा किसानों के हित में बढ़ोत्तरी करते हुए पंजीयन की तिथि 15 सितम्बर 2025 तक बढ़ाई गई है। किसानो को अधिक लाभ पहुँचाने की दृष्टि से तथा जिले को बीज उत्पादन कार्यक्रम में आत्म निर्भर बनाने हेतु लगातार क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र सेन्दरी के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.**
**-: ईश्तहार :-**
रा.प्र.क्र. अ-06/2025
ग्राम चनाडोंगरी प.ह.नं. 23
एतद द्वारा ग्राम चनाडोंगरी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वकील राम टाण्डे पिता फुदरू टाण्डे जाति सतनामी निवासी ग्राम बीजा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने मृतक बहन बिरीज बाई का मृत्यु दिनांक 04/11/1989 को ग्राम चनाडोंगरी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में हो चुका हैं जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं।
उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमे दिनांक 22/9/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 1/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार, तखतपुर

**आम सूचना**
एतद् द्वारा आम जनता एवं ग्रामवासी विजयपुर को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यार्थी रामप्रसाद राजपूत आत्मज श्री नारायण सिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम-बांधा, तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. के पिता नारायण सिंह के नाम पर ग्राम बांधा, प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. विजयपुर, तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग. में खसरा नं. 722/1, 721, 723 रकबा क्रमशः 0.7070, 0.0860, 0.5220 हेक्टेयर भूमि कुल रकबा 1.3150 हेक्टेयर भूमि तथा मेरे कार्यार्थी की माँ विश्वासा बाई पति श्री नारायण सिंह के नाम पर क्रमशः खसरा नं. 722/2, 759/1 रकबा क्रमशः 0.4090, 0.0980 हेक्टेयर कुल रकबा 0.5070 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। उपर्युक्त वर्णित भूमि में से मेरे कार्यार्थी को भूमि खसरा नं. 722/1 जिसका पूर्व रकबा 0.7600 हेक्टेयर था आपसी पारिवारिक व्यवस्था के तहत किये गये मौखिक बंटवारे में आज से करीब 10-12 वर्ष पूर्व प्रदान किया गया था। जिस पर मेरे कार्यार्थी निर्विवाद रूप से दाखिल काबिज होकर कृषि कार्य करते चला आ रहा है। उपर्युक्त खसरा नं. 722/1 रकबा 0.7600 हेक्टेयर में से रकबा 0.0530 हेक्टेयर भूमि को पूर्व में मेरे कार्यार्थी के पिता चोरी-छिपे आधिपत्य रहित लोरमी निवासी मुकेश जायसवाल के पास दिनांक 23.07.2025 को विक्रय कर दिये थे। तथा मेरे कार्यार्थी के पिता पुनः उपर्युक्त खसरा नं. 722/1 रकबा 0.7070 हेक्टेयर को पुनः किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है, के संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि मेरे कार्यार्थी के पिता नारायण व माँ विश्वासा बाई के नाम पर दर्ज उपर्युक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति / संस्था / निगम / निकाय या बैंक द्वारा किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय, रहन-गहन या अन्य कोई संव्यवहार न करें क्योंकि उपर्युक्त वर्णित भूमि सहित मेरे कार्यार्थी द्वारा घोषणा बंटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु माननीय व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी तखतपुर के समक्ष व्यवहार वाद क्रमांक 36ए/2025 संस्थित किया जा चुका है। उसके बावजूद इस सूचना प्रकाशन के पश्चात कोई भी संव्यवहार किया जाता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
एतद् सूचना जाने।
दिनांकः 01.09.2025
भवदीय
रवि सिंह क्षत्रिय (अधिवक्ता)
गुलजार नगर, पकरिया रोड तखतपुर
जिला-बिलासपुर छ.ग. मो. 7000072731

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी श्री असलम खान साहब)
**नोटिस**
प्र.क्र. 54/25
प्रोसेस क्रमांक 156/25
पेशी तारीख 24.09.2025
रेखा रानी मैती .... आवेदिका
बनाम
आम जनता एवं अन्य .... अनावेदगण
प्रति, आम जनता
इस न्यायालय में लंबित सक्सेशन प्रकरण क्रमांक 54/2025 जो कि धारा 371 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदिका रेखा रानी मैती के द्वारा अनावेदकगण आम जनता एवं अन्य के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आवेदिका ने अपने स्व. पिता के नाम पर जमा पंजाब नेशनल बैंक तोरवा शाखा में राशि मय ब्याज प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमे न्यायालयीन पेशी सुनवाई दिनांक 24.09.2025 के लिये नियत है। अतः आम जनता एवं संबंधित को सूचित किया जाता है कि उक्त पेशी सुनवाई में न्यायालय में समय 11.00 बजे दिन उपस्थित होवे एवं प्रकरण में अपना प्रतिवाद करें, आप लोगों की अनुपस्थिति की स्थिति में न्यायालय द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की अग्रिम सुनवाई की जायेगी विधि अनुरूप यदि सुनवाई तिथि पर किसी करणवश न्यायालय में अवकाश हो जाता है पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होते है या शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की अग्रिम सुनवाई नियमित रूप से अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।
अतः आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया है।
बिलासपुर
दिनांक 01.09.2025
(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर छ.ग.
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन उपयोग हेतु)

**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
प्र.क्र. 273-A/25
प्रो.क्र. 373
पे.ता. 18.09.2025
श्रीमती सरला नोन्हारे व अन्य ... वादीगण
बनाम
आम जनता .... अनावेदगण
**नोटिस**
प्रति,
आम जनता जिसका कोई संबंध हो।
इस न्यायालय में वादीगण द्वारा एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा हेतु आर्थिक क्षेत्राधिकार हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में पक्षकार श्रीमती सरला नोन्हारे वगैरह बनाम आम जनता प्र.क्र. 273-A/25 पे. ता. 18.09.25 पंजीबद्ध है। अतः पेशी दिनांक 18.09.2025 को जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय बैंक आदि को इस पर अपना पक्ष रखना हो वह न्यायालय में समय 11.00 बजे उपस्थित हो अपना प्रति उत्तर प्रस्तुत करे अन्यथा अनुपस्थिति मे प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को किसी कारण वश न्यायालयीन अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को किया जावेगा।
अतः आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय का मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 25.08.2025
(कु. कोनिका यादव)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर छ.ग.
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन उपयोग हेतु)

**न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 2025072801000101
अ 21(2) 202425
क्र./क/तह./2025
पेण्ड्रा दिनांक 25.8.25
सर्व सधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कलादेवी उर्फ कलाबाई पटेल पति श्री बाबूलाल पटेल जाति पटेल निवासी वार्ड क्र. 13 पिपरिया तहसील अनूपपुर (म.प्र.) ने उपस्थित होकर ग्राम पेण्ड्रा स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 2564/37 रकबा 0.04 एकड़, 24X66-1584 वर्गफिट (0.0160 हे.) भूमि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य में स्थित है। आवेदिका को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण उक्त परिवर्तित भूमि को क्रेता (1) मयंक कुमार गुप्ता उम्र 38 वर्ष पिता महेन्द्र कुमार गुप्ता साकिन भर्रापारा पेण्डा तहसील पेण्ड्रा, जिला गोरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) (2) शशांक कुमार गुप्ता उम्र 36 वर्ष पिता महेन्द्र कुमार गुप्ता साकिन भर्रापारा पेण्ड्रा तहसील पेण्ड्रा, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के पास राशि रूपये 22,00,000/- (बाईस लाख रूपये) में विक्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर बतौर अग्रिम रूपये 3,00,000/- (तीन लाख रूपये) नगद प्राप्त कर शेष राशि रूपये 19,00,000/- (उन्नीस लाख रूपये) विक्रय अनुमति प्राप्त होने पश्चात पंजीयन के समय दिये जाने विक्रेता एवं क्रेता के मध्य पंजीकृत इकरारनामा दिनांक 05.01.2025 का निष्पादित किया जाकर उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम इस न्यायालय में पेशी तारीख 8/9/25 को उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 25/8/25 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा सहित जारी किया गया।
तहसीलदार, पेण्ड्रा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**//उद्घोषणा//**
क्रमांक क/अ.वि.अ./री-1/2025
पेण्ड्रारोड, दिनांक 04.07.2025
प्र.क्र. अ 2/20......-20.....
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष दुबे पिता श्री आनंद दुबे उम्र 32 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम-बचरवार, तहसील-पेण्ड्रा, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के द्वारा मौजा पेण्ड्रा, प.ह.न.-01, रा.नि.म.-पेण्ड्रा, तहसील-पेण्ड्रा, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा 2706/15 रकबा 0.0273 हे. (2555 वर्गफुट) भूमि, को कृषि भिन्न प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, ऋणपुस्तिका की छायाप्रति संलग्न किया गया है तथा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु निवेदन किया गया है।
अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 05.09.25 को दोपहर 02:00 बजे तक अपना दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाशक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा।
आज दिनांक 04.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/ कार्य दण्डा/वा./20
बिलासपुर, दिनांक 28/08/2005
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सरकंडा प.ह.न..... रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व. बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका वागिश कुमार लोनिया पिता/पति भुवनेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम सरकंडा के द्वारा जन्म/मृतक / मृतिका अनन्या लोनिया की जन्म / मृत्यु दिनांक 8/05/2022 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 10/09/25 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 28/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रतनपुर, दिनांक 20/08/2025
रा.प्र.क्र. (ब-121/2024-25)
मौजा ग्राम-रतनपुर
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीताम्बर भारत पिता शिवराम जाति निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने पुत्री पायल भारत पिता पीताम्बर भारत का जन्म दिनांक 03.05.2005 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छत्तीसगढ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 05/09/2025 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25
पक्षकार :- आलोक गायकवाड़ पिता प्रभाकर राव गायकवाड़ .............आवेदक
बनाम
लोकेश गायकवाड़ पिता प्रभाकर राव गायकवाड .............अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आलोक गायकवाड़ पिता प्रभाकर राव गायकवाड़ निवासी तिलकनगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा नजूल शीट नं. 47 प्लाट नं. 5/19 रकबा 1272 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदक लोकेश गायकवाड़ पिता प्रभाकर राव गायकवाड़ के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक के द्वारा अनावेदक से पंजीकृत हकत्याग पत्र के माध्यम से प्राप्त कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 18/9/2025 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।
आज दिनांक 2/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### फर्नीचर दुकान के गोदाम में लगी आग

**बिलासपुर।** फर्नीचर दुकान के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गया। काफी मशक्कत के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आगजनी से गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया है। मंगलवार को दोपहर चकरभाठा स्थित गणेश फर्नीचर के दुकान के कर्मचारी गोदाम में वेल्डिंग का काम कर रहे थे। वेल्डिंग के चिन्गारी से गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते गोदाम भीषण आग की चपेट में आ गया। आनन फानन में कर्मचारी गोदाम से बाहर निकलकर जान बचाई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। घण्टों मशक्कत के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। बताया जाता है आगजनी से गोदाम में रखा लाखों के फर्नीचर के सामान जलकर खाक हो गया है।

### चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सेवा सहकारी समित में चोरी करने वाले दो



युवकों को पुलिस ने पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, प्रहलाद दास वैष्णव ने रिपोर्ट लिखाई थी कि सोंठी सेवा सहकारी समिति की खिड़की तोड़कर कम्प्यूटर, मानीटर, सीपीयू, इनवर्टर, बैटी सहित 80 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोंठी निवासी चंदन उर्फ भोलू पिता बिसाहू दास मानिकपुरी 32 साल, किशन उर्फ रामू ठाकुर पिता दादूराम ठाकुर 28 साल को पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### जेल में बिगड़ी युवक की तबियत, आईसीयू में भर्ती, खुल कर सामने आ रहा रतनपुर पुलिस का कारनामा

# डेढ़ लाख रुपए नहीं देने पर झूठे आबकारी एक्ट में ग्रामीण को जेल भेजने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डेढ़ लाख रुपए नहीं देने पर झूठे आबकारी एक्ट के मामले में ग्रामीण को जेल भेज दिया गया। जेल में तबियत खराब होने पर गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां आईसीयू वार्ड में ग्रामीण का इलाज चल रहा है। परिजन ने रतनपुर थाने के तीन आरक्षकों पर जबरिया जेल भेजने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

- रतनपुर थाने के आरक्षक पकड़कर लाए थे थाना

रतनपुर नवागांव मोहंदा निवासी शिव दुलारे साहू ने एसएसपी से लिखित शिकायत कर आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि उनके पिता भगवानदीन साहू शराब पीते है। 20 अगस्त को रतनपुर थाने में पदस्थ आरक्षक राम साहू एवं अन्य दो सिपाही रास्ते में रोकवाकर उससे एक लीटर शराब निकालकर थाने लेकर चले गए। थाने में डरा धमकाकर 1.50 लाख की मांग करने लगे। नहीं देने पर 1 लीटर शराब को 45 लीटर बनाकर मामला बनाकर जेल भेजने की धमकी दी गई। उसके पिता ने उक्त रकम देने से मना किया तो दूसरे दिन झूठा आबकारी का प्रकरण बनाकर जेल भेज दिया गया। जेल दाखिल होने के 1 दिन बाद ही उनके पिता भगवानदीन साहू की तबियत अत्याधिक खराब हो गई। जेल प्रशासन की ओर से उनके पिता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। परिजन ने एसएसपी ने तीनों सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पिता को कुछ भी होने पर रतनपुर पुलिस की जिम्मेदार होने की बात कहीं गई है।



बिलासपुर। एसएसपी से शिकायत करने पहुंचे परिजन।

### तबियत खराब की सूचना नहीं दी

पीड़ित शिवदुलारे साहू ने आरोप लगाया है कि वह अपने पिता से मिलने जेल गए तो जानकारी दी गई कि उनके पिता की तबियत खराब है और सिम्स में इलाज चल रहा है। जेल प्रबंधन ने रतनपुर पुलिस को तबियत खराब होने की जानकारी देने की बात भी कही है लेकिन रनतपुर पुलिस के द्वारा उन्हें पिता के सिम्स में भर्ती होने की सूचना नहीं दी गई थी।

### कोचिया को पकड़कर छोड़ने का खेल

पिछले कुछ दिनों से रतनपुर थाने सुर्खियों में चल रहा है। 40 हजार रुपए लेकर कोचिया को छोड़कर दूसरे को जब्त शराब बेचने के कोशिश पर एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक संजय खांडे, सुदर्शन मरकाम को सस्पेंड कर टीआई नरेश चौहान को लाइन अटैच कर दिया है। उसके बाद एक के बाद एक रतनपुर पुलिस के द्वारा की गई करतूतें खुलकर सामने आने लगी हैं।

## 13 वर्षीय बालक की हत्या, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

मोबाइल के लिए 13 वर्षीय बालक की हत्या के मामले जांच को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण रतनपुर पुलिस के खिलाफ शिकायत करते हुए कलेक्ट्रोरेट का घेराव करने जा रहे थे। पुलिस ने रास्ते में उन्हें रोक लिया। इस पर ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे में चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर ग्रामीणों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्षता से जांच कराने की मांग की है।

ज्ञात हो कि 31 जुलाई को रतनपुर क्षेत्र के ग्राम भरारी निवासी चिन्मय सूर्यवंशी 13 साल लापता हो गया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने गांव के छत्रपाल सूर्यवंशी 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने मोबाइल के लिए 10 साल पुराने स्कूल में चिन्मय को ले जाकर गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। उसके निशानदेहीं पर पुलिस ने शव बरामद कर छत्रपाल सूर्यवंशी को जेल भेज दिया। परिजनों का कहना है छत्रपाल सूर्यवंशी अकेले हत्या नहीं कर सकता। उसके साथ अन्य लोग भी शामिल है। पुलिस हत्या जैसे वारदात को एक युवक तक समेट कर खानापूर्ति कर रही है। मंगलवार को ग्रामीणों का



गुस्सा फूट पड़ा और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर रतनपुर पुलिस के खिलाफ कलेक्ट्रोरेट का घेराव करने के लिए निकल गए। रास्ते में एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय के साथ रतनपुर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस पर नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे में चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर एक घण्टे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्षता से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### माता-पिता भाई के शामिल होने का आरोप

13 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में ग्रामीण जनदर्शन में शिकायत करने जा रहे थे। रोककर पूछताछ की गई। ग्रामीणों ने हत्याकांड में आरोपी छत्रपाल सूर्यवंशी के अलावा उसके माता पिता भाई के शामिल होने का आरोप लगा रहे है और गांव से बाहर करने की मांग कर रहे थे। जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। आबकारी के मामले में सरपंच की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की गई है। उसके खिलाफ पूर्व में अवैध शराब बेचने के मामले दर्ज है।

-नुपूर उपाध्याय, एसडीओपी

# बयान के आधार पर रीडर समेत तीन दोषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसील आफिस से जारी फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मामले में सोमवार को हुए सभी पक्षों के बयान के आधार पर तहसीलदार ने मंगलवार को रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को प्रस्तुत कर दी है। रिपोर्ट में रीडर प्रहलाद नेताम व दो वकीलों को दोषी माना गया है। मामले में अब एसडीएम की टीप के बाद कलेक्टर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करेंगे।

- एसडीएम की टीप पर कलेक्टर करेंगे फैसला
- तहसीलदार ने एसडीएम को प्रस्तुत की रिपोर्ट

तहसीलदार का फर्जी हस्ताक्षर कर तहसील आफिस से जारी किए गए ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मामले में सोमवार को सभी पक्षों के बयान लेने के बाद तहसीलदार ने रिपोर्ट एसडीएम को प्रस्तुत कर दी है। अभिभावकों द्वारा दिए गए बयान में दो अधिवक्ताओं के माध्यम से रीडर प्रहलाद नेताम को आवेदन प्रस्तुत करने व सर्टिफिकेट जारी करवाने की बात सामने आई है, जिससे इन्हीं तीनों को मामले में दोषी माना गया है। तहसीलदार की रिपोर्ट पर अपनी टीप लिखकर बुधवार को अगली कार्रवाई के लिए एसडीएम कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपेंगे।

### भाड़े के आपरेटरों पर लग रहा आरोप

रीडर प्रहलाद नेताम ने आरोप लगाया है कि इस मामले में सारा किया-धरा तहसील में पदस्थ दो बाहरी आपरेटरों अखिल त्रिवेदी व संदीप लोनिया का है। वे दोनों आपरेटर तहसील में उनकी पदस्थापना वर्ष 2023 से पहले से ही काम कर रहे हैं। तहसीलदारों के उनसे ज्यादा भरोसेमंद वे दोनों बाहरी आपरेटर हैं। श्री नेताम का कहना है कि वे तो सरकंडा क्षेत्र के प्रभार में भी नहीं है। ऐसे में उनकी संलिप्तता का सवाल ही पैदा नहीं होता। रीडर का साफ तौर पर कहना है कि इस मामले में जारी सर्टिफिकेट में बाहर से सील बनवाकर लगाई गई है, व तहसीलदार का फर्जी हस्ताक्षर करके दिया गया है। रीडर ने इस पूरे मामले में उन दोनों बाहरी आपरेटरों को शामिल करते हुए विस्तृत जांच करने की मांग की है।

### सौंपी गई है जांच रिपोर्ट

इस मामले में सभी पक्षों के बयान के आधार पर रीडर प्रहलाद नेताम सहित दो अधिवक्ताओं की संलिप्तता सामने आई है। रिपोर्ट एसडीएम को प्रस्तुत कर दी गई है। एसडीएम द्वारा दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई के लिए अपनी टीप के साथ रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत की जाएगी।

-गरिमा सिंह ठाकुर
तहसीलदार बिलासपुर

### कार्रवाई जरूर होगी

जांच रिपोर्ट फिलहाल मेरे पास नहीं आई है। रिपोर्ट प्रस्तुत होने पर संबंधित दोषी व्यक्तियों पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

-संजय अग्रवाल, कलेक्टर

### दूसरा अधिवक्ता कौन

एक छात्रा के परिजनों द्वारा अपने रिश्तेदार अधिवक्ता को सर्टिफिकेट बनवाने के लिए दस्तावेज दिया गया था। इस संबंध में उक्त अधिवक्ता से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यह सही है कि उन्होंने सर्टिफिकेट बनवाने के लिए छात्रा का दस्तावेज तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया था, लेकिन उनके परिचित अधिकारी का तहसील से ट्रांसफर हो जाने के बाद उन्होंने छात्रा के परिजनों को सर्टिफिकेट जल्दी बनवा पाने में असमर्थता जाहिर करते हुए प्रकरण वापस कर किसी और से सर्टिफिकेट बनवा लेने की सलाह दी थी। इसके बाद परिजनों ने दूसरे अधिवक्ता से अपना काम करवाया। तहसीलदार की रिपोर्ट में दो अधिवक्ताओं का जिक्र आ रहा है। ऐसे में इस बात की पूरी आशंका है कि कहीं एक ही छात्रा के लिए प्रयास करने वाले दोनों ही अधिवक्ताओं को तो दोषी नहीं बना दिया गया है।

## करंट से ग्रामीण की मौत, मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिजली लाइन सुधारने के दौरान ग्रामीण की मौत होने के मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, कैलास सूर्यवंशी अपने धर में बिजली खंभा से अवैध रूप से कनेक्शन लिया था। 25 जुलाई 2024 को उनके घर का बिजली कनेक्शन खराब होने से उच्च भठ्ठी निवासी सतीश सूर्यवंशी पिता राजकुमार सूर्यवंशी 24 साल को बुलाकर सीढ़ी में चढ़ाकर बिजली कनेक्शन सुधरवा रहे थे। करंट लगने से वह नीचे गिर गया। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए सीपत अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक कैलास सूर्यवंशी के खिलाफ 135, 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।







## एटीएम बदलकर दो लोगों से 1 लाख 38 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग दो मामलों में एटीएम कार्ड बदलकर दो लोगों से 1 लाख 38 हजार रुपए की ठगी कर ली है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, राजेन्द्रनगर निवासी लीलाधर भांगे 59 साल सामाज कल्याण विभाग में नौकरी करते है। 1 सितंबर को वे हटरी चौक के एटीएम मशीन में पैसा निकालने गए थे। 1000 रुपए निकालने के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान दो युवक आए और कहने लगे आपका ट्रांजेक्शन क्लोज नहीं हुआ है। क्लोज करने के लिए एटीएम कार्ड डालने के लिए कहा। वे कार्ड डाले तो प्रोसेस बताने लगा। युवकों ने कहा नेटवर्क समस्या है उनके एटीएम कार्ड लेकर मशीन में डालकर कहा शायब बंद हो जाएगा कहकर चले गए। उन्होने कार्ड निकालकर देखे तो महेशचंद्र गौतम का कार्ड था। उनके खाते से एटीएम के माध्यम से 1 लाख 8 हजार रुपए निकाल लिया गया है। दूसरी घटना में सिविल लाइन क्षेत्र के कुदूदण्ड एसबीटी कालेज गली नम्बर 5 निवासी नीता मानिकपुरी पति ज्ञानेन्द्र मानिकपुरी 35 साल जिला न्यायालय में क्लर्क है।

- कार्ड बदलकर भागे युवकों ने बाद में निकाल ली रकम

1 सितंबर को शाम 7 बजे न्यायालय के सामने एटीएम मशीन में पैसा निकालने गई थी। 10 हजार रुपए निकलकर लौट रही थी। इसी दौरान दो युवक आए और प्रोसेस बंद नहीं हुआ कहते हुए चालाकी दिखाते हुए एटीएम कार्ड बदलकर भाग गए। उसके बाद उनके खाते से एटीएम के माध्यम से 30 हजार रुपए निकाल लिया गया है।

## प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन टेबलेट सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन व टेबलेट सहित एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 125 नग इंजेक्शन, 130 नग टेबलेट जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका एक साथी बदमाश भागने में कामयाब हो गया है।

सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली बहतराई नाग नागिन तालाब के पास दो युवक नशीले इंजेक्शन व टेबलेट बेच रहे है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर बहतराई निवासी राजेन्द्र साहू पिता बनवारी लाल साहू 22 साल को पकड़ लिया।

वहीं उसका साथ आदतन बदमाश रितेश उर्फ लूटू पाण्डेय भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने राजेन्द्र साहू के पास से 125 नग इंजेक्शन, 130 नग टेबलेट बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के इंजेक्शन व टेबलेट जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

## शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक को मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक पर चाकू से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रामायण चौक चिंगराजपारा निवासी बलराम सिंह पिता धनीराम आर्मो अपने दोसत के साथ शनिचरी में अंडा खा रहे थे। इसी दोरान तीन युवक आए और शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर युवकों के द्वारा दौड़ाकर चाकू से दोनों दोस्तों पर हमला कर दिया गया था। पुलिस ने हमलावर साहिल यादव उर्फ छोटू पिता दिनेश यादव 19 साल अशोकनगर व 2 नाबालिग को पकड़ लिया है।



## विराजे गणेश...


ओम श्रीहनुमंत सेवा समिति मुंगेली।


पड़ाव चौक का राजा मुंगेली।


पुराना बस स्टैंड मुंगेली।


सेठजी गणेशोत्सव समिति कन्या शाला मुंगेली।


शिव आराधना गणेशोत्सव समिति मुंगेली।


श्रीअष्ट विनायक गणेशोत्सव समिति बड़ा बाजार मुंगेली।


श्री गणेशोत्सव समिति मुंगेली।

### नाली से बाहर आया कचरा, बदबू से लोग परेशान

# बारिश से सड़कें हुई लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला है। तेज बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में पानी निकासी नहीं होने के चलते जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। नाली की गंदगी सड़कों पर आ गई। बारिश से तापमान में गिरावट आई। बारिश के चलते लोगों का काम प्रभावित हुआ, सड़कें सूनी रही।

मंगलवार को क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। मंगलवार को शाम 5.30 बजे मौसम ने करवट ली और मौसम ने अपना असर दिखाया। शाम 5.30 बजे से 06.30 बजे तक बारिश होते रही। मंगलवार को शाम अचानक एक घंटे तेज बारिश हुई। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज हवा के चलते बिजली का आना-जाना लगा रहा। तापमान में गिरावट आने से गर्मी से जरूर राहत मिली। अचानक हुई बारिश से लोग परेशान होते रहे। बारिश से बचने के लिए लोग इधर-उधर शरण लिए। तेज बारिश के कारण लोग जहां थे, वहीं रुक गए। अचानक हुई बारिश से लोग परेशान हुए।


लगातार बारिश से सदर बाजार में भरा पानी।

तेज बारिश से बचने के लिए लोग इधर-उधर शरण लेते रहे। तेज बारिश के चलते नगर के कई मोहल्ले प्रभावित हुए, जिसमें मुख्य रूप से सदर बाजार मेन रोड, पुराना बस स्टैण्ड, रामानुज गेट के पास तेज बारिश के चलते नाली की गंदगी सड़कों पर आ गई। जिससे आसपास के दुकानदार प्रभावित होते रहे। पुराना बस स्टैंड से गोल बाजार रोड तक बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या हर साल दोहराती रहती है, लेकिन इस वर्ष यह समस्या और भी गंभीर रूप में सामने आई है। बारिश के कारण न सिर्फ सड़कें और दुकानें पानी में डूबी हुई हैं, बल्कि आम जनता और दुकानदार भी भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं। जलभराव के चलते आवाजाही बाधित हो रही है और यहां के व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से जल्द ही इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की जा रही है।

# स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बरसात के मौसम में डायरिया से बचाव हेतु सतर्कता बरतने एवं सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत एग्रीस्टैक पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, खाद वितरण आदि की जानकारी लेकर बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया।

जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जिले में प्रगतिरत एवं पूर्ण आवासों की जानकारी ली। साथ ही पीएम जनमन अंतर्गत आवास सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक प्रगति लाने कहा। साथ ही मनरेगा अंतर्गत आधार सीडिंग कार्य को पूरा करने निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत स्कूली बच्चों की जाति, निवास की जानकारी ली और कार्ययोजना बनाकर शतप्रतिशत जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अघोषित बिजली कटौती की समस्या को दूर करने संबंधित अधिकारियों को पूरी तत्परता एवं सक्रियता से कार्य करने कहा। इसके साथ ही आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सहयोगी और आदि साथी का चयन करने तथा आदि सेवा पर्व के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।


अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेते जिपं सीईओ।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में खामी, किसान परेशान

**मुंगेली।** आगामी खरीब सीजन में धान बेचने के लिए शासन ने किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया है परंतु किसानों की सबसे बड़ी समस्या है कि इस पोर्टल में पंजीयन बार-बार कराने के बाद भी दूसरे या तीसरे दिन रिजेक्ट का मैसेज आ रहा है तथा समिति से जानकारी लेने पर पंजीयन रिजेक्ट होने की जानकारी मिल रही है। किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कृषि विभाग ने पोर्टल में दो साल पुराना ही डाटा सबमिट किया है जबकि हकीकत में बीते दो सालों के दौरान ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों ही नहीं बल्कि हजारों खातों में स्वामी परिवर्तन हो गया है तथा कई अन्य अपडेट जैसे बंटवारा, नई भूमि खरीदी बिक्री हो चुकी है जिसके चलते किसानों का पंजीयन ही नहीं हो पा रहा है।



कृषि विभाग के पोर्टल में अब तक लगभग एक दर्जन से अधिक खामियां अब तक सामने चुकी हैं जिसकी वजह से किसान हलाकान हैं। वहीं बगैर पंजीयन कराए किसान इस वर्ष अपना धान नहीं बेच पाएंगे कृषि विभाग के इस अल्टीमेटम ने भी किसानों की नींद उड़ाकर रख दी है। बचे किसानों का पंजीयन कराना कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती है। पंजीयन को लेकर एक ओर जहां किसान हलाकान समितियों के चक्कर काट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग के अधिकारी संबंध में कुछ भी स्पष्ट कहने से बचते हुए नजर आ रहे हैं। गौरतलब हो कि शासन द्वारा इस वर्ष किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य कर दिया है परंतु पोर्टल में आ रही ढेरों खामियों का निराकरण किस प्रकार होगा तथा इस बारे में किसानों को कोई भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है। एग्रीस्टेक पोर्टल की सबसे बड़ी खामी इसका पुराना डाटा है। एग्रीस्टेक पोर्टल में 2022-23 का डाटा लोड है यानि इसके बाद की खरीदी बिक्री की गयी कृषि भूमि, वारिसान, मुखिया की मृत्यु पश्तात फौती उठाने के बाद भी पुराना भूमिस्वामी ही पोर्टल में नजर आ रहा पोर्टल में पुराना डाटा होने की वजह नए भूमिस्वामी का पंजीयन रिजेक्ट हो जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग द्वारा किसानों का मार्गदर्शन भी नहीं किया जा रहा है जो किसानों के लिए चिंता की बड़ी वजह है।

# छात्राओं को दी गई एचआईवी एड्स रोग के लक्षण, कारण, रोकथाम की जानकारी

**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली में रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम मुंगेली द्वारा महाविद्यालय में एक दिवसीय वार्षिक उन्मुखीकरण संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को एड्स रोग के लक्षण, कारण, रोकथाम, निदान उपचार, जन जागरूकता विषय की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर प्राची सिंह ने की।

जिला चिकित्सालय मुंगेली की डॉक्टर किरण सिंह ब्लड सेंटर अधिकारी के द्वारा छात्राओं को पोषण एवं संतुलित आहार के बारे में बताया गया एवं सुरक्षित जीवन जीने की सलाह दी गई। परामर्शदाता दिलीप बसंत जिला चिकित्सालय मुंगेली के द्वारा कहा कि हमें बिना भेदभाव के एड्स के साथ जीवन जी रहे, लोगों को सम्मान पूर्वक जीवन जीने के लिए साथ देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह ने कहा एड्स रोग विश्व व्यापी है छात्राओं को एड्स संबंधित सामाजिक विसंगतियों के दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा की। अनीता शुक्ला ने कहा एचआईवी के जागरूकता से इसके संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। रेड रिबन क्लब प्रभारी राजेश घोंसले ने समाज में एड्स रोग के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शर्मा ने किया अंत में एड्स रोग के तहत चल रहे अभियान में जन जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र तिग्गा, प्रेमलता केरकेटा, प्राध्यापकगण अविनाश राठौर, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. डिंपल बंजारा, डॉ. डेजी रानी दिवाकर, मधु यामिनी सोनी, मनोरमा भास्कर, नीतू राजपूत एवं कार्यालयीन कर्मचारी बलराम यादव, जगन्नाथ जांगड़े, अश्विनी चंद्राकर, इंदु बाला बंजारे, सुशीला अनंत, कलावती और बड़ी संख्या में छात्राओं ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।




# विभिन्न संगठनों ने दिया हड़ताली कर्मचारियों को समर्थन

मुंगेली। एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को तहसील साहू संघ, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला-मुंगेली एवं केन्द्रीय गोंड़ महासभा मुंगेली द्वारा हड़ताली कर्मचारियों के 10 सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए अपना समर्थन पत्र दिया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सह तहसील साहू समाज के अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने कहा कि एनएचएम संविदा कर्मचारियों की मांग जायज है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा ही कोरोना जैसे महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किये बिना निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दी है एवं आम नागरिकों की जान बचाई है। सेवा दल अध्यक्ष एवं प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारा ने कहा कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांग जायज है। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सह जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की मांग को जन-जन का समर्थन मिल रहा है। केन्द्रीय गोंड़ महासभा मुंगेली के जिला सचिव जिगेश्वर सिंह ध्रुव ने कहा कि पूरा आदिवासी समाज एनएचएम कर्मचारियों के साथ है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमेन कौशल सिंह क्षत्रिय, पूर्व जनपद सदस्य दिनेश धृतलहरे, कमल प्रसाद जांगड़े, आनंद पाण्डेय, अहसान अली, राजेश सोनी, कृष्णा बंजारे, नरोत्तम साहू, बलराम यादव, रोहित यादव सहित एनएचएम संघ के जिलाध्यक्ष पवन निर्मलकर, अमित दुबे, डॉ शशांक उपाध्याय, डॉ विजय लक्ष्मी जोगी, डॉ भास्कर सिंह राठौर, डॉ ज्योति पाण्डेय डॉ. अखिलेश बंजारे, डा. मीनाक्षी बंजारे, मनीष गुप्ता, शैलेन्द्र पाण्डेय, निमिष मिश्रा, विनोद देवांगन,रितेश मिश्रा, उषा देवांगन, वीणा टंडन, श्री गोविंद साहू, जितेन्द्र गौचंद, केनेड़ी, लक्ष्मी, शकुंतला, पुष्पांजलि, रखमण, नम्रता, गोविन्द, वैभब, नंदनी, दिलेश्वरी, सहित समस्त एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# भाजपाइयों ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री की माताजी को इंडी गठबंधन के मंच से गाली देने के विरोध में युवा मोर्चा ने राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का परशुराम चैक में पुतला दहन किया।

युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमितेश आर्य के नेतृत्व में युवा मोर्चा ने जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड परशुरामजी चैक में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। अमितेश आर्य ने बताया कि इंडी गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिवंगत माताजी को गाली दिया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा और देश के नागरिक इससे व्यथित हैं अतः हम नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेंगे। इसी सन्दर्भ में इंडी गठबंधन के नेताओं कांग्रेस के राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव का जिला भाजपा कार्यालय से पुतले के साथ जुलूस की शक्ल में पुराना बस स्टैंड परशुरामजी चैक में पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि भारत देश मे नारी शक्ति की पूजा अर्चना की जाती हैं फिर मां तो सर्वत्र पूजित है ऐसे में प्रधानमंत्री की माताजी को गाली पूरे देश की माताओं बहनों को गाली है, भारतीय जनता पार्टी इसका तीव्र विरोध करती है। पुतला दहन के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेश पाठक, द्वारिका जायसवाल, लोकनाथ सिंह, सुनील पाठक, संजय वर्मा, मिट्ठूलाल यादव, कोटूमल दादवानी, संजय गोस्वामी, मानस सिंह बैस, जयप्रकाश मिश्रा, जितेंद्र दावड़ा, रमेश बुनकर, राजीव श्रीवास, यश गुप्ता, सौरभ बाजपेयी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमितेश आर्य, यश गुप्ता, संदीप सिंह, राकेश साहू, राजेश्वर टंडन, तामेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

# नपा अध्यक्ष व सीएमओ ने गुजरात में लिया प्रशिक्षण

**मुंगेली।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के 54 नगर पालिका अध्यक्षों को अध्ययन सह-भ्रमण कराया गया। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद मुंगेली के अध्यक्ष रोहित शुक्ला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने गुजरात के सूरत नगर निगम में तीन दिवसीय अध्ययन सह-भ्रमण प्रशिक्षण प्राप्त किया।

नगर निगम सूरत द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि मुंगेली जिला बनने के बाद यह पहला अवसर रहा जब स्थानीय नगर पालिका के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संयुक्त रूप से इस तरह का स्थल भ्रमण सह-प्रशिक्षण लिया। अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने बताया कि स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में सूरत नगर निगम देश भर में मॉडल के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों का लाभ मुंगेली की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने में लिया जाएगा। इस दौरान मुंगेली नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के अलावा पंडरिया, आरंग, अकलतरा अध्यक्ष एवं सीएमओ भी मौजूद रहे।



## किया गया पौधरोपण

**मुंगेली।** स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने हरियर मुंगेली अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल जाने वाली नहर रोड में पीपल, कदम, मौलश्री, सिल्वर ऑक आदि के 10 पौधों का रोपण एवं ट्री गार्ड से संरक्षित कर महान साहित्यकार, छत्तीसगढ़ रत्न, स्वर्गीय केदार सिंह परिहार को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। टीम स्टार्स के संयोजक रामपाल सिंह ने उनके अमर शब्दों "मरके देव लोक झन जातेंव, कहु जन्म झन पातेंव, अउ छत्तीसगढ़ ल छांव करे बर मैं छानी बन जातेंव" को स्मरण करते हुए कहा कि जिस तरह वे अपनी लेखनी से छत्तीसगढ़ महतारी की छांव बने, पर्यावरण को संरक्षित कर इस धरा को छांव देने का कार्य निरंतर करते रहेंगे।

### सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

# सभी को करना चाहिए यातायात नियमों का पालन

**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में ''सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा'' विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता की शुरुआत 15 अगस्त को विद्यालय स्तर पर हुई थी, जिसके पश्चात 23 अगस्त को विकासखंड स्तर और 30 अगस्त को जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सार्वजनिक जीवन में नियमों के पालन का महत्व समझाना था। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया विकासखंडों से चयनित 90 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने कहा कि यातायात नियम सड़क सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिये। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम को सफल करने हेतु किए गए प्रयासों के लिए उत्साहवर्धन किया और आगे जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले टीमों को बेहतर करने हेतु प्रेरित किया। निर्णायक मण्डल से वरिष्ठ नागरिक डी.के. सोलंकी ने कहा कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए सामान्य गति में गाड़ियों का उपयोग करते हुए जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। यातायात विभाग से यशवंत सिंह ने यातायात के नियम पर प्रकाश डालते हुए गाड़ी चलाते समय मद्यपान एवं मोबाईल का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। शिक्षक रामपाल सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि है असफल होने वाले छात्र हारते नहीं, बल्कि और सीखते है। असफल छात्रों को और अधिक मन लगाकर प्रयास करना चाहिए। रामनाथ गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन ने उल्लास साक्षरता से जुड़कर बोर्ड परीक्षा के छात्र 10 बोनस अंक प्राप्त करने हेतु प्रयास करने प्रोत्साहित किया। जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पक्ष में क्लब संकुल पंडरभट्ठा एवं विपक्ष में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा, द्वितीय स्थान पक्ष में पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम दाऊपारा एवं विपक्ष में क्लब संकुल पंडरभट्ठा तथा तृतीय पुरस्कार पक्ष एवं विपक्ष दोनों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर ने प्राप्त किया। इस दौरान व्याख्याता संजय सोनी एवं डॉ. पूर्णिमा मिश्रा प्राचार्य, शा.उ.मा.वि. फास्टरपुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## समय सीमा के भीतर जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा करें



**मुंगेली।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय सिंह मुंगेली जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली, जहां उन्होंने विकासखंडवार जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर संपूर्ण कार्यों को पूरा करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने हर घर जल प्रमाणीकरण पर हो रही देरी पर नाराजगी जताई और जल्द से जल्द अधूरे कार्यों को पूर्ण कर प्रमाणीकरण करने निर्देशित किया। बैठक के दौरान पथरिया एस.डी.ओ. सुधाकर सोनकुशरे, मुंगेली एस.डी.ओ. आशीष मिश्रा, सहायक अभियंता एच.एस. कंवर, उपअभियंता प्रतीक पाटनी, राहुल देवांगन, कृष्ण मूर्ति एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।